हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज़

मिल्कियाना®
Balanced Cattle Feed
Presents

कृषि संवाद
Agriculture Canclave 2026



Thursday, 22 Oct 2026
Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

NABARD
aries agro limited
KSC TECHNO PVT. LTD. Pioneering a Digital Revolution

Health Partner
ITSA HOSPITALS HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA
tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति
AVK™
ANA ए.एन.आटोमोबाईल
AE AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप

भाजपा शहर शिक्षा प्रकोष्ठ ने किया उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान



बिलासपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर शहर शिक्षा प्रकोष्ठ के द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन भारतीय जनता पार्टी कार्यालय करबला रोड बिलासपुर में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धरमलाल कौशिक, कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम की महापौर श्रीमती पूजा विधानी, प्रदेश संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ कांति लाल जैन, संभाग प्रभारी शिक्षा प्रकोष्ठ जयकुमार मिश्रा, विनय अनंत, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, जिला संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ राजेश मिश्रा, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक किशोर राय, भाजपा मध्य मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र पाठक विशेष रूप से मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन तथा वंदे मातरम, राज्य गीत के साथ की गई तत्पश्चात जिला संयोजक राजेश मिश्रा, सहसंयोजक विद्यानंद साहू, वेदांत शुक्ला, डॉ.शुभ लक्ष्मी, भूषण पाण्डेय, विजय चंदेल के द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ तथा मोमेंटो के द्वारा सम्मान किया गया।

साहित्य समिति की मासिक गोष्ठी में किया गया रचना पाठ



बिलासपुर। साहित्य समिति की मासिक काव्य गोष्ठी समिति के अध्यक्ष बल्लू दुबे के गोंडपारा स्थित निवास में आयोजित की गई। गोष्ठी में हिंदू कैलेंडर के आध्यात्मिक चातुर्मास पितृपक्ष, शक्ति की धात्री मां महामाया का आराधना पर्व शारदीय पर्व, देशकाल पर आधारित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमृतलाल पाठक ने किया जिसमे कवियों ने अपनी सशक्त रचनाएं पढ़ी जिसमें, बल्लू दुबे, विजय तिवारी, ओम प्रकाश भट्ट, दिनेश्वर जाधव, रवींद्र पांडेय, सुधाकर बीबे, राकेश खरे, नरेंद्र शुक्ला, बुधराम यादव, सत्येंद्र तिवारी, अमृत लाल पाठक, मनोहर मानिकपुरी मयंकमणि दुबे ने काव्यपाठ किया। यह जानकारी सचिव हरबंश शुक्ला ने दी।

डॉ. तृप्ति की कृति सांस्कृतिक धरोहर का विमोचन



बिलासपुर। डॉ. तृप्ति पाण्डेय की कृति शिवरीनारायण एवं खरौद अंचल की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर डॉ.प्रदीप शुक्ला मुख्य अतिथि थे। काव्यकुब्ज समाज के अध्यक्ष ज्येष्ठ समाज के अध्यक्ष अरविंद दीक्षित विशिष्ट अतिथि रहे । प्रभात मिश्रा एवं बालमुकुंद अग्रवाल के साथ-साथ शहर एवं शिक्षा विभाग के नागरिकों की उपस्थिति रही। लेखिका डॉ. तृप्ति पाण्डेय ने अपनी पुस्तक के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला । उन्होंने शिवरीनारायण और खरौद के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को बताया । मुख्य अतिथि डॉ. शुक्ला ने कहा कि देश के इतिहास के साक्ष्य सरलता से प्राप्त हो जाते हैं परंतु क्षेत्रीय इतिहास लेखन कठिन कार्य है, जिसे तृप्ति ने बखूबी निभाया है। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में ममता द्विवेदी, सिद्धि देवी पाण्डेय, रूबी हनीफी, गायत्री तिवारी, संध्या तिवारी, शोभा भोंसले, प्रकाशक मंडल एवं पूरा परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन निहारिका तिवारी ने किया। अंत में डॉ.तृप्ति ने सभी का आभार व्यक्त किया।

एसएसपी से मिली महिला कांग्रेस की पदाधिकारी



बिलासपुर। भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सोमवार को बिना किसी सूचना के कांग्रेस भवन में घूसकर किए गए प्रदर्शन के विरोध में मंगलवार को महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने एसएसपी से मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर की मांग की। इस विषय को लेकर आज महिला कांग्रेस की पदाधिकारी, कार्यकर्ता महिलाएं कांग्रेस भवन में एकत्रित हुईं। पहले सभी महिलाओं ने कांग्रेस भवन को गंगाजल से शुद्ध किया, फिर सब महिलाएं एकत्रित होकर एसएसपी से मिलने पहुंचे। वहां सिर्फ पांच महिलाओं को मिलने की अनुमती मिलने पर जिला महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा घृतेश, सीमा पांडेय, एंजल चौकसे, अनुपा मिश्रा, गीतांजली कौशिक की प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी से मिलकर ज्ञापन सौंपा और एवं दोषियों के खिलाफ एफआईआर की मांग की। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की शिल्पी तिवारी, प्रीति पाटनवार, अनीता लव्हात्रे, बिना मसीह, शैल जायसवाल, सोनू मानिकपुरी, वहीदा खान, फरीदा खान सुदेश नंदिनी, चित्रलेखा साहू आदि महिला कांग्रेस के पदाधिकारि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वरिष्ठ नागरिकों को मिला बस पास

बिलासपुर। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा मंगलवार को 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठनागरिकों को निःशुल्क बस पास बांटा गया। अनुभव भवन में हुए विशेष शिविर में 20 वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क बस पास वितरित किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी व मोनिका विश्वकर्मा, दिव्या पटेल, हिमांशु कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रही। बताया जा रहा है कि इस बस पास के द्वारा छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में निशुल्क यात्रा कर सकेंगें। परिवहन विभाग द्वारा जारी पास महज 80 वर्षीय वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपलब्ध है।

नेहरू चौक के आगे बैरिकेडिंग और टीन की ऊंची दीवार खड़ी कर रोका, पुलिस के साथ धक्कामुक्की और झूमाझटकी

कलेक्टोरेट का घेराव करने पहुंचे कांग्रेसियों पर चला वाटर कैनन



मंगलवार को कलेक्टोरेट का घेराव करने पहुंचे कांग्रेसियों को नेहरू चौक पर रोकती पुलिस।



धरना-प्रदर्शन में शामिल कांग्रेसी व ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलेक्टोरेट का घेराव करने पहुंचे कांग्रेसियों और पुलिस के बीच मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ। नेहरू चौक के आगे पुलिस ने बैरिकेडिंग कर टीन की ऊंची दीवार खड़ी कर दी थी। इसके बावजूद कांग्रेसजन बैरिकेड पार कर दीवार तक पहुंच गए।

उन्होंने टीन की दीवार को धक्का देकर तोड़ने का प्रयास किया और कुछ नेता बैरिकेड पर चढ़कर नारेबाजी करने लगे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन चलाया, प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछार की। इससे बैरिकेड पर चढ़े कुछ कांग्रेसी नीचे गिर पड़े। काफी देर तक पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्कामुक्की और झूमाझटकी होती रही। कांग्रेसी कांग्रेस भवन से विरोध मार्च निकालते हुए नेहरू चौक पहुंचे। वहां नेताओं ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया। पंचायत एवं नगर निगम के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को कथित रूप से प्रशासनिक प्रताड़ना दिए जाने, विकास कार्यों में भेदभाव, बदले की राजनीति और क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध उत्खनन के विरोध में पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। इसके बाद भीड़ कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ी।

पुलिस ने पहले से ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। नेहरू चौक से आगे दो स्तरों पर बैरिकेडिंग कर पुलिस बल तैनात किया गया था। साथ ही, प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए टीन की ऊंची दीवार खड़ी की गई थी। कांग्रेसियों की भीड़ पहले बैरिकेड तक पहुंची तो पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्कामुक्की शुरू हो गई। इसके बाद प्रदर्शनकारी पहला बैरिकेड पार कर दूसरे बैरिकेड और टीन की दीवार तक पहुंच गए।

भीड़ ने टीन की दीवार को धक्का देकर तोड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान दीवार का एक हिस्सा टूट गया। विजय केशरवानी समेत कुछ कांग्रेसी बैरिकेड पर चढ़कर नारेबाजी करने लगे। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने वाटर कैनन चलाकर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने का प्रयास किया। पानी की तेज बौछार से बैरिकेड पर चढ़ रहे कुछ प्रदर्शनकारी नीचे गिर पड़े। इस दौरान मौके पर काफी देर तक हंगामा होता रहा। हंगामे और विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। कांग्रेस की ओर से कलेक्टर के नाम 17 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। इसमें प्रशासनिक भेदभाव और प्रतिशोधपूर्ण कार्रवाई से जुड़ी शिकायतों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई।

ज्ञापन में बिलासपुर कांग्रेस भवन में अनधिकृत प्रवेश और हंगामे की घटना की जांच कर कानून का उल्लंघन प्रमाणित होने पर नियमानुसार कार्रवाई करने, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धनंजय सिंह से संबंधित सीमांकन प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने तथा पंचायत एवं नगर निगम के विकास कार्यों में ठेकेदारों के चयन, कार्यादेश, भुगतान, निर्माण गुणवत्ता और कथित राजनीतिक हस्तक्षेप की जांच कराने की मांग शामिल है। इसके अलावा बेलतरा विधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़कों की मरम्मत और निर्माण, अवैध रेत एवं मुरुम उत्खनन की जांच, दोषियों पर कार्रवाई तथा बिना वैधानिक अनुमति संचालित मुरुम खदानों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई।

बिजली बिल संबंधी शिकायतों का निराकरण करने और शासकीय कर्मचारियों को कथित राजनीतिक दबाव, धमकी एवं स्थानांतरण से बचाने के लिए कार्रवाई करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। बेलतरा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रहे विजय केशरवानी ने आरोप लगाया की क्षेत्र के विधायक सुशांत शुक्ला बदले की कार्रवाई कर रहे हैं। विकास के मामले में भेदभाव और दबाव की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि प्रशासन इसके बाद भी चुप क्यों है।

प्रदर्शन में ये लोग हुए शामिल

प्रदर्शन में विजय केशरवानी, विजय पांडेय, सियाराम कौशिक, राजेंद्र शुक्ला, रामशरण यादव, प्रमोद नायक, राजेंद्र धीवर, राकेश शर्मा, ऋषि पांडेय, समीर अहमद, त्रिलोक श्रीवास, अंकित गौरहा, जितेंद्र पांडेय, जावेद मेमन, विनोद साहू, धनंजय सिंह, लक्ष्मीनाथ साहू, गीतांजलि कौशिक, अभ्युदय तिवारी, राजेश शुक्ला, सीमा शुक्ला, तजम्मुल हक, शिल्पी तिवारी, प्रीति पाटनवार, पिंकी बतरा, झगरराम, साखन दर्वे और पुष्पेंद्र साहू सहित अन्य कांग्रेसी शामिल हुए।

वंदे मातरम मित्र मंडल ने निकाली राष्ट्रभक्त रैली



बिलासपुर। मंगलवार को वंदे मातरम मित्र मंडल के आह्वान पर एक विशाल और अनुशासित राष्ट्रभक्त रैली का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक रैली में बड़ी संख्या में माताओं-बहनों और युवाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हाथों में तिरंगा झंडा थामे और केसरिया पोशाक जैकेट पहने सैकड़ों राष्ट्रभक्तों ने प्रमुख मार्गों पर देशप्रेम और एकता के नारों के साथ मार्च किया।

यह रैली लाल बहादुर शास्त्री स्कूल से प्रारंभ होकर गोल बाजार, सदर बाजार, देवकीनंदन चौक और नेहरू चौक से होते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची। रैली के दौरान पूरा शहर भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष से गूंज उठा।

कलेक्ट्रेट पहुंचकर वंदे मातरम मित्र मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें मंडल ने देश की प्रशासनिक व्यवस्था को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुदृढ़ बनाने वाले वरिष्ठ अधिकारियों की कार्यशैली की सराहना की। ज्ञानेश कुमार की उत्कृष्ट कार्यशैली, सत्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का पूर्ण समर्थन किया। राष्ट्र की सुरक्षा, आंतरिक सुदृढ़ता और संस्थागत सुधारों को समय की मांग बताते हुए एसआईआर से जुड़े प्रावधानों का पूर्ण समर्थन किया गया। देश के विभिन्न हिस्सों में स्वार्थी तत्वों द्वारा सुनियोजित तरीके से फैलाए जा रहे अराजकता के माहौल और प्रदर्शनों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। शांति-व्यवस्था को प्रभावित करने वाली ताकतों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। महेन्द्र जैन ने कहा इस रैली में समाज के सभी वर्गों ने भाग लिया।

डीएलएस कालेज में मना विश्व आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस

बिलासपुर। डीएलएस महाविद्यालय में विश्व आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस भूगोल विभाग के द्वारा आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रताप पाण्डेय ने कहा कि आपदा प्रबंधन आज की महती आवश्यकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न शैक्षणिक मॉडल तैयार कर प्राकृतिक आपदाओं और पर्यावरणीय प्रक्रियाओं की जानकारी प्रस्तुत की। इस प्रदर्शनी में वॉटर साइकिल,भूकंप, ज्वालामुखी, सुनामी, चक्रवात आदि के मॉडल्स रिया निषाद, प्रियंका कोर्सा, प्रियंका ठाकुर, रीना यादव, रितु यादव, माही वारे, रिंकी पाली, जाह्नवी यादव, रीना वस्त्रकार, प्रज्ञा ने प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विनायक शर्मा, राकेश दीक्षित, उमेश जाधव, डॉ क्षमा मैडम, डॉ संजय दुबे, हिमानी तिवारी, नाजनीन खान, आकाश कुमार, मोहर लाल, महिमा जाधव, मिनी गुप्ता,श्वेता जायसवाल, मिठू अधिकारी, वीणा राठौर, सुशील यादव, ऋचा शास्त्री, राजू वर्मा, डॉ प्रीति मिश्रा, कृति शर्मा, अलका गुरुद्वान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ विजय वैष्णव व आभार प्रदर्शन प्रगति सुमन ने किया।



बिजनेस प्लस

टैफे मैसी का 'सितारा ऑफर' हजारों इनाम जीतने का मौका



बिलासपुर। नवरात्रि के अवसर पर टैफे मैसी फर्ग्यूसन ने ग्राहकों के लिए मैसी का सितारा ऑफर पेश किया है। इस योजना के तहत ग्राहकों को 1000 से अधिक इनाम जीतने का मौका मिलेगा।

योजना में ट्रैक्टर से लेकर कार, मोटरसाइकिल, स्कूटर, एसी, एलईडी टीवी, स्मार्टफोन और डिनर सेट सहित कई आकर्षक उपहार शामिल हैं। इसके अलावा हर खरीदी पर निश्चित उपहार भी मिलेगा। उपरोक्त जानकारी टैफे मैसी ट्रैक्टर्स के अधिकृत विक्रेता वीनस मशीनरी के संचालक ने दी। यह प्रतिष्ठान त्रिवेणी डेंटल कॉलेज के सामने बोदरी रायपुर रोड हाईकोर्ट रोड स्थित है। उन्होंने बताया कि यह लकी ड्रॉ योजना 14 नवंबर 2026 तक चलेगी। योजना में अलग-अलग चरणों में ग्राहकों को पुरस्कार जीतने का अवसर मिलेगा। प्रथम पुरस्कार के रूप में मैसी फर्ग्यूसन एमएफ 254-4 डब्ल्यूडी डायना स्मार्ट ट्रैक्टर (8 नग) रखा गया है। दूसरा पुरस्कार टाटा पंच कार (8 नग), तीसरे पुरस्कार रॉयल एनफील्ड बुलेट 350 मोटरसाइकिल (24 नग) और चौथा पुरस्कार टीवीएस जुपिटर स्कूटर (48 नग) शामिल हैं।

इसी तरह पांचवें पुरस्कार के रूप में 1.0 टन एसी (72 नग), छठे पुरस्कार में 32 इंच की एलईडी टीवी (144 नग), सातवें पुरस्कार में स्मार्टफोन (288 नग) और आठवें पुरस्कार में डिनर सेट (576 नग) दिया जाएगा। इस प्रकार योजना में कृषि उपयोग के प्रमुख उत्पादों के साथ घरेलू जरूरतों से जुड़े उपहार भी शामिल किए गए हैं। इससे किसानों और अन्य ग्राहकों को खरीदारी के साथ पुरस्कार जीतने का अवसर मिलेगा।

सिम्स में हड्डियों की जांच, 250 मरीजों को मिला फायदा

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान के अस्थि रोग विभाग में बोन मिनरल डेंसिटी जांच शिविर लगाया गया। जिसमें 250 मरीजों की हड्डियों की जांच की गई। हड्डियों की कमजोरी की पहचान कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए शिविर लगाया गया।

सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने हड्डियों की जांच कराई। डाक्टरों ने कहा कि बढ़ती उम्र, असंतुलित खानपान, शारीरिक गतिविधियों की कमी और अनियमित दिनचर्या के कारण हड्डियां कमजोर हो सकती हैं। हड्डियों में खनिज घनत्व कम होने से फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है। कई बार शुरुआती अवस्था में



इसके स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते, इसलिए समय पर जांच कराना महत्वपूर्ण है। डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली और समय पर स्वास्थ्य जांच से हड्डियों से जुड़ी समस्याओं की पहचान किया जा सकता है। लोगों को नियमित व्यायाम और संतुलित आहार अपनाना चाहिए।एमएस डॉ. लखन सिंह ने कहा जांच शिविर आम लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक करते है, उन्होंने लोगों से ऐसे परीक्षण में भाग लेने की अपील की है। शिविर के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए कैल्शियम और विटामिन-डी युक्त संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा स्वस्थ दिनचर्या अपनाना आवश्यक है। पर्याप्त धूप लेना और शारीरिक गतिविधियों को नियमित जीवन का हिस्सा बनाना भी लाभकारी हो सकता है। इस अवसर पर डॉ. भूपेंद्र कश्यप, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण सिंह ठाकुर, डॉ. प्रमोद जायसवाल, डॉ. संजय गिल्ले, डॉ. सोमेश शुक्ला सहित पीजी चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

बिजली के तारों से सटा पंडाल, दी समझाइश

बिलासपुर। शहर की मुख्य सड़कों को रोककर, बिजली के तारों से छूते हुए पंडाल लगाना दुर्गा उत्सव समितियों को मंहगा पड़ सकता है। पुलिस ने ऐसे पंडालों में पहुंचकर समिति के सदस्यों से आम लोगों की सहूलियत को देखते हुए पंडाल के आकर का छोटा करने और सुरक्षित तरीके से प्रतिमा बैठाने की अपील की है। मंगलवार को कई पंडालों में संबंधित थाना क्षेत्र के पुलिसकर्मियों ने गश्त की और पंडालों के आसपास बिजली के तारों से पंडाल के एंगल और बांस को हटाने की समझाइश दी है। खास बात यह है कि इन दिनों लगातार बिजली बंद हो रही है, ऐसे में इन पंडालों के कारण कई बार मरम्मत के कामों में बेवहज देरी हो रही है, साथ ही दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

तनुश्री कैटरिंग सर्विसेज 23 वर्षों से दे रही है उत्कृष्ट सेवाएं



बिलासपुर। शहर में शादी-विवाह, पार्टी एवं अन्य मांगलिक आयोजनों के लिए कैटरिंग सेवाएं प्रदान करने वाली तनुश्री कैटरिंग सर्विसेज पिछले 23 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रही है। चांटापारा, तिलक नगर, शिव हनुमान मंदिर के पास स्थित तनुश्री केटरिंग सर्विस के संचालक अनिरुद्ध मिश्रा के नेतृत्व में संस्था विभिन्न आयोजनों के लिए स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ व्यवस्थित एवं आकर्षक कैटरिंग की सुविधा उपलब्ध करा रही है।



तनुश्री कैटरिंग सर्विसेज में पंजाबी, महाराष्ट्रीयन, राजस्थानी एवं गुजराती व्यंजनों सहित विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट पकवानों की व्यवस्था की जाती है। शादी-विवाह, पारिवारिक समारोह, पार्टी एवं अन्य मांगलिक कार्यक्रमों के लिए यहां लंच, डिनर, ब्रेकफास्ट तथा लजीज व्यंजनों की विशेष प्रस्तुति उपलब्ध है।संस्था की ओर से आयोजनों की आवश्यकताओं के अनुसार भोजन व्यवस्था, आकर्षक बुफे स्टॉल एवं प्रशिक्षित वेटर तथा वेट्रेस के माध्यम से सेवाएं प्रदान की जाती हैं। संस्था का उद्देश्य ग्राहकों को उचित दरों पर गुणवत्तापूर्ण भोजन और बेहतर सेवा उपलब्ध कराना है।

रमन विवि में नशा मुक्ति युवा विकसित भारत अभियान युवा संवाद कार्यक्रम

नशा-मुक्त भारत के निर्माण में युवा निभाएं निर्णायक भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में भारत माय भारत के नशा मुक्ति युवा विकसित भारत अभियान के तहत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज को नशा-मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

केंद्रीय मंत्री श्री साहू ने नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के साथ-साथ उसके परिवार और पूरे समाज को तबाह कर देता है। तंबाकू और सिगरेट के पैकेट पर कैंसर जैसी गंभीर चेतावनियां लिखी होने के बावजूद लोग इसकी अनदेखी करते हैं। उन्होंने



युवाओं को न नशा करेंगे, न करने देंगे का संकल्प दिलाते हुए कहा कि जागरूकता और सामूहिक प्रयासों से ही समाज को नशे की बुराई से मुक्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047, 140 करोड़ देशवासियों का साझा संकल्प है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत का आत्मनिर्भर और सशक्त बनना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल क्रांति ने युवाओं के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। आज देश का युवा केवल रोजगार पाने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बन रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाना उद्देश्य

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गों के युवाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाना है। माय भारत के राज्य निदेशक अर्पित तिवारी ने कहा कि माय भारत का उद्देश्य युवाओं को जोड़कर उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान करना है। आरती सिंह ने नशे के दुष्प्रभावों और नशे की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। एनसीसी और एनएसएस के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से नशे के दुष्प्रभावों और इससे बचाव के उपायों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवेश श्रीवास्तव ने तथा डॉ. आशीष पांडे किया। आभार नितिन शर्मा ने व्यक्त किया। बिलासपुर मंडल की कौशल विकास यात्रा का समापन तोखन साहू ने किया ।

तापमान

अधिकतम 31.8 डिग्री

न्यूनतम 23.3 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



जवाली नाला के ऊपर कचरा फेंकने से फैल रही गंदगी।



खबर संक्षेप

तिफरा विद्युत कार्यालय में विरोध प्रदर्शन आज

बिलासपुर। ग्राम पंचायत सेवती में विद्युत विभाग की लापरवाही से हुई 28 वर्षीय युवा कोटवार कमलदास मानिकपुरी की मृत्यु के विरोध में बुधवार 14 अक्टूबर को तिफरा स्थित विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय में प्रदर्शन किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में सेवती के ग्रामीण सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण शामिल होंगे। इन लोगों द्वारा इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई सहित पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा एवं क्षेत्र में लटकते जर्जर बिजली तारों और विद्युत अव्यवस्था की तत्काल मरम्मत की मांग की जा रही है।

कम्प्यूटर प्रोग्रामर संविदा भर्ती : आवेदन 23 तक

बिलासपुर। कम्प्यूटर प्रोग्रामर के एक रिक्त संविदा पद पर भर्ती के लिए 23 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित है। आवेदन निर्धारित प्रारूप में बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बिलासपुर, विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) के नाम से निर्धारित तिथि तक प्रेषित कर सकते हैं।

सात करोड़ की लागत से कोनी में बनेगी कोष लेखा पेंशन विभाग की बिल्डिंग

बिलासपुर। कोष लेखा एवं पेंशन विभाग का नया भवन कोनी में बनाया जाएगा। इसी भवन में ही वित्त एवं लेखा प्रशिक्षण विभाग का भी कामकाज संचालित किया जाएगा। शासन द्वारा भवन के निर्माण के लिए 6.80 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। तहसीलदार द्वारा भवन निर्माण के लिए कोनी में आबंटित की गई भूमि को लेकर दावा-आपत्ति मांगी गई है।

- वित्त एवं लेखा प्रशिक्षण विभाग भी इसी भवन में होगा संचालित
- तहसीलदार ने मांगी दावा-आपत्ति

शासन द्वारा कोष लेखा पेंशन एवं वित्त लेखा प्रशिक्षण विभागों को मिलकार एक संयुक्त भवन के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 6 करोड़ 80 लाख रुपए का बजट उपलब्ध कराया गया है। वृद्ध पेंशनरों के आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोनी तहसील के बिरकोना में उपलब्ध शासकीय भूमि में से 50 डिसमिल भूमि आवंटित करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। संभागीय संयुक्त संचालक कोषलेखा एवं पेंशन तथा संभागीय वित्त एवं लेखा प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर के संयुक्त भवन निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि आवंटन के संबंध में दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। संबंधित संस्था अथवा व्यक्ति 22 अक्टूबर 2026 को सुबह 11 बजे न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर में स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

तहसीलदार बिलासपुर द्वारा जारी इश्तहार के अनुसार, प्रस्तावित भूमि आवंटन के संबंध में किसी प्रकार का दावा अथवा आपत्ति होने पर निर्धारित तिथि एवं समय पर जवाब प्रस्तुत किया जा सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएंगी।

युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए शिविर 21 तक, स्कूल-कालेजों में लगेंगे शिविर

बिलासपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में नए एवं युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए 21 अक्टूबर तक स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं।

विशेष अभियान के तहत मतदाता सूची में अब तक नाम दर्ज नहीं करा पाए पात्र नागरिकों तथा सूची से नाम हटाए गए व्यक्तियों के पंजीयन पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए कक्षा 9वीं से 12वीं तक के स्कूलों और समस्त उच्च शैक्षणिक संस्थानों जैसे कॉलेज, यूनिवर्सिटी में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। बूथ लेवल अधिकारियों के सहयोग से इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के माध्यम से पात्र युवा मतदाताओं का पंजीयन कराया जाएगा।

महिला मित्र को घर लाने पर हुआ विवाद

नशे में चाचा ने चाकू से भतीजे के सीने में किया हमला, मौत

बिलासपुर। बीती रात महिला मित्र को घर लाने के नाम पर चाचा भतीजे में विवाद हो गया, नशे में चाचा ने बांए हाथ से भतीजे के सीने पर चाकू से हमला कर दिया। हार्ट में लगने से वह खून से लथपथ होकर गिर गया। उसकी आवाज सुनकर घरवालों की नींद खुल गई। बाहर निकलकर देखे तो युवक खून से लथपथ पड़ा हुआ था। उसे इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर लिया है।



मृतक



आरोपी

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, लिंगियाडीह अपोलो चौक निवासी अमित निषाद पिता मीठलाल निषाद 17 साल ड्राइविंग का काम करता था। वह अपने चाचा धनीराम निषाद उर्फ कदन पिता मनीराम निषाद के साथ उनके घर में रहता था। पूर्व में अमित निषाद कई बार घर में अपनी महिला मित्र को लाया था। धनीराम निषाद ने उसे महिला मित्र को घर में लाने से मना किया था। 12 अक्टूबर की रात 11.50 बजे चाचा भतीजा खाना खाने बैठे हुए थे। चाचा नशे में था और खाना खाने के दौरान वह भतीजे को फिर महिला मित्र को घर लाने के नाम पर खरीखोटी सुनाने लगा। इसे लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। चाचा धनीराम निषाद खाने के लिए प्याज काट रहा था। विवाद बढ़ने पर उसने बांए हाथ से सब्जी काटने के चाकू से सीने पर हमला कर दिया। चाकू हार्ट में घूस गया और वह खून से लथपथ होकर पर्स में गिर गया। उसकी आवाज सुनकर घरवाले अपने कमरों से बाहर निकले तो अमित निषाद खून से लथपथ दरवाजे के पास पड़ा हुआ था और चाचा धनीराम निषाद खून से रंगा चाकू रखा हुआ था। पूछताछ करने पर धनीराम अमित की हत्या कर देने व थाने में सरेंडर करने की बात कहने लगा। घरवालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौक पर पहुंचकर अमित निषाद को इलाज के लिए सिम्स लेकर गई। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजन की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 103 के तहत आरोपी चाचा धनीराम निषाद को गिरफ्तार कर लिया है।

ओटी में नहीं है सी-आर्म मशीन, महीनों से बंद आर्थोपेडिक सर्जरी

बिलासपुर। जिला अस्पताल का आर्थोपेडिक वार्ड में आपरेशन 5 माह से बंद है। ऐसे में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने का दावा फेल हो चुका है। खास बात यह है कि आपरेशन के लिए उपयोगी सी आर्म मशीन ओटी के बाहर है। ओटी के अंदर रखने की जगह नहीं होने के कारण आपरेशन ही बंद कर दिया गया है। वहीं अस्पताल में टेक्नीशियन भी नहीं है। ऐसे में मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

- नियमित डाक्टर की पदस्थापना नहीं, संविदा के भरोसे मरीज

जिला अस्पताल में मरीजों को इलाज के बदले रेफर होने की सलाह मिल रही है। दरअसल 5 माह पहले डॉ विजय मिश्रा रिटायर हो गए हैं,उन्हें संविदा के तौर पर दोबारा नियुक्त किया गया है, लेकिन इसके बाद भी आपरेशन नहीं हो रहे है। दरअसल ओटी के बाहर सी-आर्म मशीन पड़ी है, दरवाजा छोटा होने के कारण ओटी के अंदर मशीन पहुंचाई नहीं जा रही है, ऐसे में आपरेशन ही बंद कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल में टेक्नीशियन की कमी है, जिसके चलते डाक्टर ओटी नहीं कर रहे है। यही हाल होने के कारण हड्डी का इलाज करने वाले मरीजों को सीधे सिम्स भेज दिया जा रहा है। ऐसे में मरीज अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं।



दूर दराज से आते हैं मरीज

जिला अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आस में मरीज दूरदराज के गांवों से आते है। इस दौरान उन्हें इलाज के बदले सीधे सिम्स जाने के लिए कह दिया जाता है, जबकि जिला अस्पताल में महज व्यवस्थागत कमी है। इसके बाजवूद अस्पताल प्रबंधन और डाक्टरों की लापरवाही के कारण ओटी बंद है।



प्रशासन पर दमनात्मक कार्रवाई का आरोप

पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, कामकाज ठप



पीवी एप की व्यवहारिक समस्याओं का निराकरण नहीं करने से नाराज

बिलासपुर। पीवी एप के माध्यम से कराए जा रहे फसल के भौतिक सत्यापन कार्य में आ रही विभिन्न व्यवहारिक एवं तकनीकी समस्याओं का ठोस एवं व्यवहारिक समाधान नहीं किए जाने से नाराज पटवारी मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिले में पटवारियों की कुल संख्या 130 है और सभी के हड़ताल पर चले जाने से जाति, आमदनी, निवास व किसान पंजीयन जैसे मूलभूत कार्यों पर भी रोक लग गई है।

पीवी एप में आ रही व्यवहारिक समस्याओं का शिकायत के बाद भी निराकरण नहीं होने के के विरोध में जिले भर के पटवारी मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। पटवारियों का कहना है कि शासन-प्रशासन द्वारा मांग पूरा नहीं किए जाने तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। धरने पर बैठे पटवारियों ने बताया कि वर्तमान में डिजिटल क्रॉप सर्वे, एग्रीस्टैक पंजीयन, किसान पंजीयन, बकेट क्लेम, जनगणना प्रथम चरण, लघु सिंचाई संगणना, रेल्वे सर्वे, एन एच सर्वे, आय, जाति, निवास जैसे कार्यों को वे प्राथमिकता से कर रहे हैं। पटवारियों की हड़ताल का मंगलवार को पहला दिन था, जिसकी जानकारी पक्षकारों को नहीं थी, जिससे वे कार्यालय का चक्कर लगाते रहे व बिना काम पूरा किए ही उन्हें घर लौटना पड़ा।

जारी रहेगी हड़ताल

पीवी एप की व्यवहारिक समस्याओं के निराकरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर जिले भर के पटवारी मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इसके कारण गांव-गांव में जाति, आमदनी, निवास व किसान पंजीयन जैसे जमीनी स्तर के कार्य ठप हो चुके हैं। शासन-प्रशासन द्वारा मांगें नहीं माने जाने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

- विजय भारत साहू, जिलाध्यक्ष पटवारी संघ



हरिभूमि

बिलासपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255





शक्ति माई दुर्गोत्सव समिति उसलापुर।



चंद्रशेखर आजाद तेलीपारा दुर्गोत्सव समिति में 50वें वर्ष पर श्रीलंका के भद्रकाली अम्मन मंदिर के स्वरूप में पंडाल को सजाया गया है। इस पंडाल में लाइटिंग व थर्मोकोल से आकर्षक रूप से भगवान की विभिन्न तस्वीरों को उकेरा गया है।



रामा लाइफ सिटी दुर्गोत्सव समिति।



शिवशक्ति नवयुवक दुर्गोत्सव समिति अशोकनगर।



सम्राट दुर्गोत्सव समिति।



शिव शीतला दुर्गोत्सव समिति इमलीभाठा।



बजरंग नवशक्ति दुर्गोत्सव समिति लोधीपारा सरकंडा।



गौरी गणेश दुर्गोत्सव समिति।




दरबार लॉज दुर्गोत्सव समिति।

पंखीड़ा की शाम में जमाया रंग

'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' बोलकर रवि किशन ने जीता दिल





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डांडिया की थाप, संगीत की गूंज और अभिनेता रवि किशन के देसी अंदाज ने मंगलवार को पंखीड़ा-2026 की अंतिम शाम को यादगार बना दिया। रायपुर रोड स्थित महाराजा अग्रसेन भवन, फॉर्च्यून एलिमेंट्स में आयोजित गरबा उत्सव में रवि किशन मुख्य आकर्षण रहे। उनके अंदाज और आत्मीय संबोधन ने दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्होंने कहा, "बिलासपुर वाले मुझे बहुत अच्छे लगते हैं" और "छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया" कहकर शहरवासियों के प्रति अपना अपनापन जताया।

प्रजाराज्यम् की ओर से आयोजित पंखीड़ा सीजन-4 के दूसरे और अंतिम दिन गरबा, संगीत और सितारों की मौजूदगी के बीच उत्सव का माहौल बना रहा। रवि किशन की मौजूदगी ने शाम को खास बना दिया। अपने चिरपरिचित देसी अंदाज, संवाद अदायगी और मंचीय ऊर्जा के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता ने दर्शकों से आत्मीयता के साथ संवाद किया। उन्होंने बताया कि वह पहले भी बिलासपुर आ चुके हैं और यहां के लोग उन्हें बहुत अच्छे लगते हैं। उनके मुंह से "छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया" सुनकर स्थानीय दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया।

- परिवारों के साथ गरबा की धूम, जयकारों से गूंजा मंच

रवि किशन के व्यक्तित्व और अंदाज ने आयोजन में हिंदी और भोजपुरी सिनेमा का रंग घोल दिया।

पंखीड़ा की तैयारियों में प्रमुख रूप से आकाश सिंह, रौशन सिंह, हरीश राव, मुरली नुक्का, विनय वैध, वेदांश शर्मा, राहुल चौधरी, सुमित गोयल, आदित्य सिंह, शक्ति सिंह, विनोद ठाकुर, योगेश तेजवानी, आयुष मेहता, अमर यादव, ऋषभ शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, रवि शर्मा और प्रतीक तिवारी की भूमिका रही।

'बिलासपुर वाले मुझे बहुत अच्छे लगते हैं'

रवि किशन ने अपने संबोधन में बिलासपुर के लोगों के प्रति अपनापन जताते हुए कहा, "बिलासपुर वाले मुझे बहुत अच्छे लगते हैं।" उन्होंने बताया कि वह पहले भी बिलासपुर आ चुके हैं। उनके इस सहज संवाद ने कलाकार और दर्शकों के बीच आत्मीयता का माहौल बना दिया। स्थानीय लोगों के लिए यह किसी फिल्मी सितारे को देखने का अवसर भर नहीं था, बल्कि अपने शहर के प्रति कलाकार का लगाव सुनने का भी यादगार पल रहा।

ऐश्वर्या की प्रस्तुति ने मोहा मन

ऐश्वर्या राज भाकुनी हिंदी टेलीविजन और फिल्म जगत की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने 'तेनाली रामा', 'खूब लड़ी मर्दानी-झांसी की रानी' और 'श्रीमद रामायण' जैसे धारावाहिकों में अभिनय से पहचान बनाई। 'श्रीमद रामायण' में माता पार्वती की भूमिका में उन्हें दर्शकों की सराहना मिली। ऐश्वर्या ने ऐतिहासिक, पौराणिक और आधुनिक किरदारों में अपनी प्रतिभा दिखाई है।

भाटिया फ्यूल्स का आयोजन, फाउंडेशन के मैदान में आज से रास डांडिया

नवरात्रि पर्व पर फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में भाटिया फ्यूल्स के द्वारा आयोजित रास डांडिया का आयोजन आज 14 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। आज पहले दिन सुप्रसिद्ध टीवी एक्ट्रेस टीना दत्ता उतरन फेम शहरवासियों के साथ डांडिया खेलेंगी । तीन दिनों के आयोजन में देश की मशहूर फिल्म अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर भी शहरवासियों के साथ फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में डांडिया खेलेंगी। आज शाम 7 बजे रास डांडिया के पहले दिन माता रानी की महा आरती के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ होगा।

पहले दिन कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी तथा उद्योगपति अमोलक सिंह भाटिया, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, कोटा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व बीडीए अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल टाह, विजय पांडे, अर्जुन तिवारी ,पूर्व महापौर रामशरण यादव, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, महेश दुबे,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ चंद्रशेखर उईके, डॉ राजकुमार खेत्रपाल, चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज की डायरेक्टर पलक जायसवाल, विश्वजीत सिंह तोमर,पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रविंद्र सिंह, राजकुमार सिंह ठाकुर, प्रशांत नारंग,नवनीत अग्रवाल शामिल होंगे।



9 सालों से डांडिया में शहरवासियों का भावनात्मक जुड़ाव - प्रिंस

आयोजन समिति के प्रमुख तथा फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने इस आयोजन को लेकर कहा है कि दुर्गा माता की आराधना का पर्व नवरात्रि पर्व पर पिछले 9 सालों की तरह इस बार भी दसवें वर्ष में फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में रास डांडिया आज से शुरू हो रहा है। 9 सालों के सफर में शहर वासियों का इस आयोजन में भावनात्मक लगाव है। शहर के पुराने चेहरों के साथ हर साल नए लोग भी परिवार की तरह इस आयोजन में जुड़ते जा रहे हैं। और समाज के सभी वर्गों का सहयोग भी मिल रहा है। और लोगों के सहयोग के बिना इतना बड़ा आयोजन करना संभव नहीं है। पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन का भी हर वर्ष सहयोग मिलता है।

महिलाओं ने किया गरबा, बच्चे थिरके



रतनपुरिहा नगर इकाई की महिला मण्डल द्वारा इस वर्ष भी भव्य एक दिवसीय गरबा उत्सव का आयोजन हॉटल में किया गया। जिसमें समाज की महिलाओं ने भाग लिया। नवदुर्गा स्वरूप छोटे- छोटे बच्चों ने भी गरबा किया, गरबा उत्सव का यह 16 वाँ वर्ष है। सरंक्षक सीमा गुप्ता,अध्यक्ष रशिम गुप्ता, सचिव विजय लक्ष्मी, उपाध्यक्ष अन्नपूर्णा, कोषाध्यक्ष ईश्वरी गुप्ता, सांस्कृतिक सचिव सीता गुप्ता रही। ये जानकारी ज्योत्सना गुप्ता ने दी।

लगाई गई चैतन्य देवियों की झांकी



शिव-अनुराग भवन राजकिशोर नगर में रेलवे के पुलिस महानिरीक्षक खड़गपुर भवानीशंकर नाथ ने दीप प्रज्जवलन कर चैतन्य देवियों की झांकी का शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर बीके रूपा दीदी, लक्ष्मी बहन और देवहुति बहन देवी स्वरूप में विराजित रहीं। बुधवार से नौ देवियों के नौ स्वरूपों के दर्शन होंगे। साथ ही दुर्लभ सहस्त्र ज्योतिर्लिंग के दर्शन भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज बिलासपुर टिकरापारा प्रभारी बीके मंजू दीदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शरद बल्हाल, राकेश भाई सहित सेवाकेंद्र की अन्य बहनों की उपस्थिति रही।

रामलीला का मंचन किया गया



इस वर्ष श्री रामलीला का मंचन जय महाकाली नाट्य कला मंच द्वारा द्वारा किया जा रहा है। हिंदुस्तानी सेवा समाज रेलवे परिक्षेत्र द्वारा आयोजित 76 वें वर्ष पर रामलीला का अहिल्या उद्धार, जनकपुर दर्शन, पुष्प वाटिका, रावण-वाणासुर संवाद की मनोहर लीला का मंचन किया गया। जनक-विलाप, धनुष यज्ञ एवं लक्ष्मण-परशुराम संवाद की सुंदर लीला सुप्रसिद्ध का मंचन राजेश कुमार पांडे,आनद कुमार अग्निहोत्री द्वारा किया जाएगा।

मध्यनगरी के 50 साल : आस्था और संस्कृति का संगम



आस्था, भक्ति और लोकसंस्कृति को एक सूत्र में पिरोने वाली मध्य नगरी दुर्गोत्सव समिति ने स्थापना के 50 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वर्ष 1976 में स्व. गजानन सोनथलिया द्वारा शुरू की गई यह परंपरा आज बिलासपुर की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा बन चुकी है। स्वर्ण जयंती पर संस्थापक के योगदान को श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

स्व. सोनथलिया का उद्देश्य केवल दुर्गा पूजा का आयोजन करना नहीं था, बल्कि मां दुर्गा की आराधना के साथ छत्तीसगढ़ की लोककला, संस्कृति और कलाकारों को पहचान दिलाना भी था। वर्ष 1976 से 2001 तक मूर्ति, स्थल सजावट और विसर्जन, तीनों क्षेत्रों में समिति की अग्रणी पहचान रही। भव्य सजावट और आकर्षक झांकियां दुर्गोत्सव के प्रमुख आकर्षण हुआ करती थीं। कोटा में दशहरे के दिन निकलने वाली झांकियों में से कुछ को अगले दिन बिलासपुर लाकर उनकी शोभायात्रा निकाली जाती थी। यह परंपरा आज भी जारी है। इसके पीछे उद्देश्य केवल आयोजन की भव्यता बढ़ाना नहीं, बल्कि कलाकारों को पहचान और रोजगार के अवसर देना तथा छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति को जीवंत बनाए रखना था। पंथी नृत्य, छत्तीसगढ़ी लोकगीत और पारंपरिक कलाओं को मंच देकर समिति ने धार्मिक आयोजन को सांस्कृतिक उत्सव का स्वरूप दिया। स्वर्ण जयंती पर स्व. गजानन सोनथलिया की स्मृति में उनके बेटे प्रकाश सोनथलिया, आकाश सोनथलिया और समस्त सोनथलिया परिवार ने होटल गीता के सामने विशेष स्वागत एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। गाजे-बाजे और आतिशबाजी के बीच श्रद्धालुओं व शहरवासियों का स्वागत किया गया। जलपान सेवा के साथ मां दुर्गा की आरती कर संस्थापक के योगदान का स्मरण किया गया। पांच दशक की यह यात्रा बताती है कि सच्ची परंपराएं समय के साथ समाज की पहचान बन जाती हैं। मध्य नगरी दुर्गोत्सव समिति की विरासत आस्था, लोकसंस्कृति और सामाजिक सहभागिता का ऐसा ही उदाहरण है।



मध्य नगरी दुर्गोत्सव समिति की स्वर्ण जयंती के अवसर पर होटल गीता के सामने आयोजित कार्यक्रम में मां दुर्गा की आरती करते श्रद्धालु एवं स्वजन।

Butona Dhaurabhata Road Length = 12.50KM
सड़क मार्ग- बुटेना, पाली, पथराली, कबराकापा, मुरु, सकरीभांवर, डिघोरा, मेड़पार छोटा, धौराभाठा
बुटेना से धौराभाठा
12.50 कि.मी. सड़क निर्माण
लागत 34 करोड़ 16 लाख कार्य का
मान. श्री धरमलाल कौशिक जी
विधायक बिल्हा
भूमि पूजन
मान. श्री धर्मजीत सिंह जी
विधायक तखतपुर
मुख्य अतिथि - मान. श्री धरमलाल कौशिक जी, विधायक बिल्हा
अध्यक्षता - मान. श्री धर्मजीत सिंह जी, विधायक तखतपुर
विशिष्ट अतिथि - मान. श्री भूपेन्द्र सवन्नी जी, क्रेडा अध्यक्ष छ.ग.
के गरिमामयी उपस्थिति में सपन्न होगा.
कार्यक्रम दिनांक : 14 अक्टूबर 2026, समय: दोपहर 3 बजे, स्थान: ग्राम मेड़पार छोटा
संकलनकर्ता
राकेश तिवारी
हरिभूमि प्रतिनिधि सकरी
मो. 9300327303

खबर संक्षेप

सरगवां पहुंच मार्ग के नवीनीकरण के लिए 71 लाख 96 हजार स्वीकृत

मस्तूरी। जिला पंचायत सदस्य दामोदर कांत के अथक प्रयासों से मस्तूरी-मल्हार रोड से सरगवां पहुंच मार्ग के नवीनीकरण के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 71 लाख 96 हजार रुपये की स्वीकृति मिली है। सड़क के नवीनीकरण का कार्य बहुत जल्द प्रारंभ होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि मस्तूरी-मल्हार मुख्य मार्ग से सरगवां तक जाने वाली लगभग 1 हजार 800 मीटर लंबी सड़क लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण लगातार सड़क के नवीनीकरण की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सदस्य दामोदर कांत ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के समक्ष सड़क की स्थिति और ग्रामीणों की परेशानियों को रखा। उनके प्रयासों के फलस्वरूप सड़क नवीनीकरण के लिए 71 लाख 96 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है।

महामाया के लिए जोहार सेवा यात्रा आज



बिलासपुर। प्रति वर्ष की तरह नवरात्र की पंचमी तिथि गुरुवार को रतनपुर जूना शहर बादल महल से रतनपुर मंदिर प्रांगण तक सर्व आदिवासी समाज इकाई रतनपुर द्वारा पारम्परिक बाजे गाजे के साथ जोहार सेवा यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान सामाजिक एकता का संदेश देने सामाजिक परम्परा अनुसार कुल देवी महामाया दाई को सेवा अर्जी चुनरी चढ़ाकर भोग अर्पित की जाएगी। स्थानीय रतनपुर सहित सम्पूर्ण जिला एवं ब्लाकों से सर्व आदिवासी समाज बिलासपुर पदाधिकारी, सामाजिक यात्रा में शामिल होंगे।

सांदीपनी एकेडमी में स्तन कैंसर जागरूकता पर व्याख्यान

मस्तूरी। सांदीपनी एकेडमी पेंड्री मस्तूरी में आईक्यूएससी के तत्वावधान में महिला प्रकोष्ठ के द्वारा स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता पूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षार्थियो को स्तन कैंसर के प्रति जागरूक करना तथा इसके संभावित लक्षणों, समय पर चिकित्सकीय जाँच और बचाव संबंधी उपायों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस जागरूकता कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन सांदीपनी एकेडमी की प्राचार्य डॉ रीता सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ दिव्या पांडेय सहायक ग्रामीण प्रशासक मस्तूरी स्वास्थ्य केंद्र उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने व्याख्यान में स्तन कैंसर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा करते हुए इसके प्रारंभिक संकेतों को पहचानने, समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने तथा नियमित स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्रबंधक महेंद्र चौबे के मार्गदर्शन एवं प्रशासनिक अधिकारी विनीत चौबे के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त डॉ श्रीती मजूमदार के द्वारा किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सहायक प्राध्यापको का सहयोग रहा एवं प्रशिक्षार्थियों ने भी अपनी सहभागिता दी।

अधिकारियों व सरपंच-सचिवों की बैठक में आवश्यक मुद्दों पर चर्चा



लोरमी। एटीआर के अधिकारी एवं कर्मचारी और पंचायत के सरपंच सचिव एवं ग्रामीणों के बीच बैठक हुई। बैठक में मानव- हाथी द्वंद्व उनसे हुई फसल हानि एवं पशु हानि के मुवावजा प्रकरण का समयबद्ध निराकरण विस्थापन सहित मूलभूत सुविधा समस्याओं के सम्बंध में आवश्यक चर्चा हुई।इस दौरान ग्राम पंचायत छपरवा अचानकमार लमनी कटामी सुरही महामाई निवासरवार बोइरहा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत के सरपंच उपसरपंच एवं पंच पूर्व सरपंच उपसरपंच एवं पंच ग्राम के नागरिक सहित गुरमीत सलूजा, एसडीओ गुलशन साहू रेंज अफसर एवं वन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। श्री साहू ने एटीआर के अंतर्गत विभिन्न समस्याओं के संबंध में उच्च अधिकारियों से चर्चा कर जल्द ही निराकरण करने आश्वासन दिया गया।

ध्वजा यात्रा के तीसरे दिन गांव-गांव में ऐतिहासिक स्वागत

महामाया की भक्ति में उमड़ा आस्था का महासागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बेलतरा विधानसभा क्षेत्र की शारदीय ध्वजा यात्रा के तीसरे दिन श्रद्धा, समर्पण और जनभागीदारी का अद्भुत संगम देखने को मिला। विधायक सुशांत शुक्ला के नेतृत्व में आगे बढ़ रही इस यात्रा का ग्राम-ग्राम में स्वागत किया गया। कहीं पुष्पवर्षा से ध्वजा यात्रा का अभिनंदन हुआ, तो कहीं माता के जयकारों, पारंपरिक स्वागत और श्रद्धालुओं के उत्साह ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

खैरा (ड़) से प्रारंभ होकर डंगनिया, सेलर, मोहरा, उरतुम, परसाही, डबहिपारा और उरैहापारा सहित विभिन्न ग्रामों से होकर गुजरी ध्वजा यात्रा के दौरान हर ओर जय मां महामाया और जय गिरजाबंध हनुमान के जयघोष गूँजते रहे। ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और धर्मप्रेमी परिवारों की सहभागिता ने इस धार्मिक आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। यात्रा के स्वागत में उमड़ा जनउत्साह इस बात का प्रतीक बना कि महामाया के प्रति श्रद्धा लोगों को भावनात्मक रूप से एक सूत्र में बांध रही है। ग्राम सेलर में ध्वजा यात्रा के स्वागत का दृश्य विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहा। बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और श्रद्धालु स्वागत के लिए उमड़े। पूरे वातावरण में भक्ति, उमंग और उल्लास की अनूठी छटा दिखाई दी। माता के जयकारों से गूंजता मार्ग और श्रद्धालुओं का आत्मीय अभिनंदन यात्रा के यादगार क्षणों में शामिल रहा। गांव-गांव में लोगों का उत्साह, स्वागत के लिए उमड़ती भीड़ और मातृशक्ति की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को नई ऊर्जा प्रदान की। कहीं श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की, तो कहीं पारंपरिक तरीके से यात्रा का स्वागत कर अपनी धार्मिक आस्था का परिचय दिया। इन दृश्यों ने ध्वजा यात्रा को केवल एक धार्मिक आयोजन तक सीमित न रखते हुए सामाजिक समरसता, आपसी सद्भाव और जनएकता का जीवंत प्रतीक बना दिया।

नगोई में वैष्णो देवी धाम के दर्शन

दिनभर विभिन्न ग्रामों से होकर आगे बढ़ने के पश्चात ध्वजा यात्रा नगोई स्थित वैष्णो देवी धाम पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर आयोजित माता के भक्तिमय जगराते ने पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। माता के भजनों, भक्ति गीतों और जयकारों के बीच श्रद्धालु माता की आराधना में लीन नजर आए। जगराते के दौरान माता के प्रति अटूट श्रद्धा और समर्पण का भाव देखते ही बना। भक्ति संगीत से गूँजता वातावरण, माता के जयकारे और श्रद्धालुओं की सहभागिता ने रात्रि को आध्यात्मिक उल्लास से भर दिया। दिनभर ध्वजा यात्रा में शामिल रहने के बाद श्रद्धालुओं ने जगराते में सहभागी होकर माँ महामाया और वैष्णो देवी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इसके पश्चात नागोई में रात्रि विश्राम हुआ। ध्वजा यात्रा के चौथे दिन नागोई से आगे बढ़ते हुए यात्रा बैमा, पौसरा, परसदा, परसौड़ी, सेमरा, सेमरी, भरारी और जलसों सहित निर्धारित मार्ग से होकर गुजरेगी। यात्रा के आगामी पड़ावों को लेकर भी धर्मप्रेमियों और श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। महामाया के प्रति श्रद्धा और भक्ति के इस क्रम में ग्रामीणों से अधिकाधिक सहभागिता की अपेक्षा है।

आस्था, सनातन संस्कृति महापर्व

विधायक सुशांत शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित यह भव्य ध्वजा यात्रा बेलतरा विधानसभा क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को नई ऊर्जा प्रदान कर रही है। ग्राम-ग्राम में मिल रहा आत्मीय स्वागत, युवाओं का उत्साह, मातृशक्ति की सहभागिता, माता का भक्तिमय जगराता और श्रद्धालुओं की अटूट आस्था इस आयोजन को विशेष बना रहे हैं। यह यात्रा महामाया के चरणों में श्रद्धा अर्पित करने के साथ-साथ सनातन संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक समरसता, आपसी सद्भाव और जनएकता का संदेश भी दे रही है। यात्रा के दौरान देखने को मिल रहा जनउत्साह इस बात को रेखांकित करता है कि धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और सामूहिक सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महामाया से प्रार्थना है कि बेलतरा विधानसभा के प्रत्येक परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे। हर घर में मंगल हो, हर हृदय में भक्ति का दीप जले और समाज में प्रेम, सद्भाव एवं एकता की भावना सदैव मजबूत बनी रहे।

34 करोड़ 16 लाख की लागत से बनेगी बूटेना-धौराभाठा सड़क

सकरी। बूटेना से धौराभाठा तक 12.50 किलोमीटर लंबी सड़क का भूमिपूजन कार्यक्रम बुधवार को दोपहर 3 बजे मेढ़पार छोटा में आयोजित किया जाएगा। 34 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से बनने वाली इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी तथा आसपास के गांवों के बीच संपर्क और अधिक सुगम होगा।



■ धरमलाल एवं धर्मजीत के आतिथ्य में होगा कार्यक्रम

भूमिपूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तखतपुर विधायक डॉ. धर्मजीत सिंह , विशिष्ट अतिथि के रूप में क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी होंगे। इस सड़क के निर्माण से बूटेना, पाली, पथराली, मुरू, डीघोरा, मेढ़पार छोटा, धौराभाठा और मोहदा सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों को सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा साथ ही व्यापारिक गतिविधियों और ग्रामीण संपर्क व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। क्षेत्र के लोगों की यह बहुप्रतीक्षित मांग थी जिसके पूर्ण होने पर लोगो में उत्साह का माहौल है।कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं संगठन पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

कार्यकर्ता-सहायिका के लिए आवेदन 16 से 30 तक

पथरिया। एकीकृत बाल विकास परियोजना पथरिया के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार ग्राम अण्डा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में रिक्त पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। पथरिया परियोजना कार्यालय से जारी ज्ञापन के मुताबिक, ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 16 अक्टूबर 2026 से शुरू होकर 30 अक्टूबर 2026 तक चलेगी। इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर विभागीय पोर्टल पर पंजीयन कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

बरगद के पेड़ पर गिरा बिजली का खंभा

हैंडपंप पर पानी भर रहीं महिलाओं की बाल-बाल बची जान



जरहागांव। विद्युत विभाग की कथित लापरवाही ने एक बार फिर आम लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्राम ठकुरिकापा में आंगनबाड़ी भवन के समीप झुका हुआ विद्युत खंभा आखिरकार गिर गया और बरगद के पेड़ पर जाकर अटक गया। जिस समय यह घटना हुई, उस दौरान पास ही स्थित हैंडपंप पर महिलाएं पानी भर रही थीं। अचानक बिजली का खंभा गिरने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। महिलाएं अपनी जान बचाने के लिए आनन-फानन में वहां से भागीं। गनीमत रही कि महिलाएं समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंच गईं और एक बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों के लिए यह केवल एक खंभा गिरने की घटना नहीं, बल्कि समय रहते चेतावनी मिलने के बावजूद संभावित खतरे को नजरअंदाज किए जाने का गंभीर मामला है।

जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी भवन के समीप लगा विद्युत खंभा पहले से ही झुक गया था। उसकी स्थिति को देखते हुए संभावित दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। ग्राम सरपंच प्रतिनिधि बंटी जायसवाल ने इस संबंध में विद्युत विभाग को जानकारी देकर आवश्यक कार्रवाई करने की सूचना दी थी। इसके बावजूद आरोप है कि विभागीय स्तर पर समय रहते खंभे को दुरुस्त करने अथवा उसे सुरक्षित करने की दिशा में अपेक्षित कदम नहीं उठाए गए। घटना के दौरान महिलाएं हैंडपंप पर पानी भर रही थीं। अचानक खंभा गिरने से उन्हें संभलने तक का मौका मुश्किल से मिला और वे जान बचाने के लिए वहां से भागीं। बरगद के पेड़ पर खंभा अटक जाने से स्थिति और भी खतरनाक हो गई। यदि खंभा सीधे नीचे गिरता या बिजली के तारों के संपर्क से कोई अन्य दुर्घटना होती, तो परिणाम बेहद गंभीर हो सकते थे। ऐसे में यह घटना महज संयोग से टली दुर्घटना नहीं, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़ी एक बड़ी चेतावनी है। सरपंच प्रतिनिधि बंटी जायसवाल ने इस संबंध में विद्युत विभाग को जानकारी देकर आवश्यक कार्रवाई करने की मनपसंद और योग्य उम्मीदवार को चयन करने के पात्र बन जाते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजीव शर्मा ने एवं आधार प्रदर्शन ई एल सी नोडल अधिकारी डॉ डी पी चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर नए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु 60 छात्र -छात्राएं उपस्थित थे। जिनमें खुशी केवट, भूमिका राजपूत, अर्चना कश्यप, इंद्राणी यादव, श्रेया जयसवाल, अंकित साहू, रुचि देवांगन आदि ने फार्म नंबर 6 भरकर अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओं के पास जमा किया।

युवा पीढ़ी को आध्यात्मिक जीवन-मूल्यों से जोड़ने संकल्प

बिलासपुर। विश्व गीता प्रतिष्ठानम बिलासपुर इकाई के पुनर्गठन एवं संगठनात्मक विस्तार को लेकर नगर में बैठक एवं आध्यात्मिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्वालियर से आए केंद्रीय महामंत्री विश्व गीता प्रतिष्ठानम आचार्य डॉ. विष्णु नारायण तिवारी व शिवपुरी से आए केंद्रीय स्वाध्याय प्रधान पं. रमेश कोठारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

■ विश्व गीता प्रतिष्ठानम बिलासपुर इकाई का पुनर्गठन

आचार्य डॉ. तिवारी ने कहा कि आज युवा पीढ़ी के सामने अनेक प्रकार की चुनौतियाँ हैं। हम प्रायः युवाओं से कहते हैं कि यह मत करो, वह मत करो, यह गलत है और वह उचित नहीं है; लेकिन इसके साथ यह बताना भी आवश्यक है कि उन्हें क्या करना चाहिए और जीवन को सही दिशा कैसे देनी चाहिए। अशोक कुमार यादव ने गीता स्वाध्याय मंडल के संगठनात्मक पक्ष को विस्तार से रखा। अशोक जिज्ञासी ने प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत करते हुए गीता स्वाध्याय को व्यक्तिगत जीवन के साथ-साथ सामाजिक जीवन में उतारने का आह्वान किया। जिला संयोजक काशीराम दीक्षित द्वारा दायित्वों की घोषणा की गई। इस अवसर पर रघुनंदन प्रसाद साहू, रामायण प्रसाद मिश्र, चन्द्र मोहन वाजपेई, विन्धेश्वरी प्रसाद वर्मा, सीपी पाण्डेय, चतुर्भुज गुप्ता, पीआर साहू, नागेश गुप्ता, अशोक कुमार यादव, उमाशंकर साहू, खगेन्द्र प्रसाद साहू तथा कुल सचिव मुक्त विश्वविद्यालय डॉ. चंद्रभूषण मिश्र सहित अनेक कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक दायित्व प्रदान किए गए।



युवा पीढ़ी के भविष्य को लेकर चिंतन

कार्यक्रम में बिलासपुर जिला संयोजक काशीराम दीक्षित ने धर्म, आध्यात्मिकता और वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज में सकारात्मक परिवर्तन की आवश्यकता पहले से अधिक महसूस की जा रही है। यदि नई पीढ़ी को सही संस्कार, जीवन-मूल्य और सकारात्मक दिशा नहीं दी गई तो वह विकास के मार्ग के स्थान पर अनेक प्रकार के विकारों की ओर आकर्षित हो सकती है। बैठक में दिनेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, ऋषि कश्यप, कौस्तुभ कश्यप, पंकज शुक्ला, उमा शुक्ला, कैप्टन राधेश्याम सिंह परिहार, सुषमा पण्ड्या, अभिमन्यु यादव अमर, खिलावन प्रसाद एवं मनीषा दास सहित अन्य कार्यकर्ताओं से संपर्क कर उन्हें गीता स्वाध्याय के लिए प्रेरित करने का निर्णय लिया गया।

युवती के बात नहीं करने पर युवक ने की गाली- गलौज

तखतपुर। बातचीत नही करने की बात को लेकर युवती के साथ युवक ने गाली गलौज की। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम खपरी शिक्षक कालोनी की निवासी युवती ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गांव का युवक सुरेश गुप्ता 12 अक्टूबर को रात लगभग 9:30 बजे जब वह घर के बाहर में टहल रही थी ।

निधन

संजीव तिवारी

बिलासपुर। ठेकेदार संघ के संभागीय अध्यक्ष तिवारी चाल राजेन्द्र नगर निवासी संजीव तिवारी (गुड्डू) का 13 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 59 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 14 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. गिरजा शंकर एवं मालती तिवारी के पुत्र, दीपक तिवारी, दीप शिखा शुक्ला के छोटे भाई एवं देव तिवारी (अंश), गौरिका तिवारी (रूनू) के पिता थे।



एसके नागना

बिलासपुर। हेमू नगर निवासी सेवानिवृत रेलवे गार्ड एसके नागना का 11 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 14 अक्टूबर बुधवार को सुबह 11 बजे तोरवा श्मशान घाट में किया जाएगा। वे स्वर्गीय एसडीवी एसएन मूर्ति एवं स्वर्गीय एस शिवा प्रसाद के पिता थे।



रामेश्वर साहू

पथरिया। ग्राम जूनवानी निवासी रामेश्वर साहू 59 वर्ष की उम्र में मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे नवीन साहू के पिता थे।

1 नवंबर से खुलेगा अचानकमार टाइगर रिजर्व

पर्यटक उठा सकेंगे जंगल सफारी का आनंद



लोरमी। अचानकमार टाइगर रिजर्व में आगामी 1 नवंबर से जंगल सफारी शुरू होने जा रही है। पर्यटक यहां जंगल की प्राकृतिक सुंदरता और वन्यजीवों को करीब से देखने का अनुभव ले सकेंगे। सफारी के लिए जिप्सी, महारानी और योद्धा वाहन की व्यवस्था की गई है। पर्यटक अग्रिम बुकिंग के माध्यम से सफारी का आनंद ले सकते हैं।

अचानकमार टाइगर रिजर्व प्रबंधन के अनुसार, पर्यटकों के ठहरने के लिए शिवतराई स्थित बैगा रिसॉर्ट में 14 सामान्य कमरे और 4 प्रीमियम कमरे उपलब्ध हैं। कमरों की बुकिंग ऑनलाइन के माध्यम से की जा सकती है। पर्यटकों की सुविधा के लिए टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने संपर्क नंबर जारी किए हैं। सफारी बुकिंग एवं पर्यटन संबंधी जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8109740012 पर संपर्क किया जा सकता है। वहीं, बुकिंग काउंटर एवं लोकेशन संबंधी जानकारी के लिए 7067912356 पर संपर्क कर सकते हैं। 914 वर्ग किमी से अधिक क्षेत्र में फैला है रिजर्व-अचानकमार टाइगर रिजर्व लगभग 914.017 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। इसे वर्ष 2009 में टाइगर रिजर्व घोषित किया गया था। यहां बाघ, गौर, तेंदुआ, भालू, कोटरी, चीतल, जंगली सूअर, सोनकुत्ता और सियार सहित विभिन्न वन्यजीव पाए जाते हैं। अचानकमार टाइगर रिजर्व के शिवतराई सफारी गेट तक सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकता है। बिलासपुर से इसकी दूरी लगभग 50 किलोमीटर बताई गई है। नजदीकी प्रमुख रेलवे स्टेशन बिलासपुर एवं करगी रोड कोटा हैं। हवाई मार्ग से आने वाले पर्यटक रायपुर और बिलासपुर के हवाई अड्डों का उपयोग कर सकते हैं। संबंधित हवाई अड्डों से दूरी की आधिकारिक पुष्टि की जानी है।

छड़ चोरी करने वाले पांच गिरफ्तार

लोरमी। ग्राम लीलापुर स्थित निर्माणाधीन हाई स्कूल से 20 बंडल सरिया चोरी करने के मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से चोरी के 20 बंडल सरिया चोरी में प्रयुक्त ट्रैक्टर जब्त कर सभी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



पुलिस के अनुसार चौकी डिण्डौरी में प्रार्थी विवेक सिंह, निवासी गांधीडीह, विनय विहार कॉलोनी लोरमी द्वारा चौकी डिंडौरी, थाना चिल्फी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आर.जे. कंस्ट्रक्शन द्वारा ग्राम लीलापुर में हाई स्कूल भवन का निर्माण कराया जा रहा है, निर्माणाधीन भवन के सामने रखे अग्रोहा कंपनी के 10 एम.एम. के 24 बंडल सरिया (छड़) को अज्ञात आरोपी द्वारा 9 से 10 अक्टूबर की मध्यरात्रि चोरी कर लिया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध कायम कर मामले को जांच में लिया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने थाना पंडरिया, जिला कबीरधाम क्षेत्र के आरोपियों की पहचान की गई। संदेही रवि कुमार धुर्वे को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपने अन्य साथी शुभम सिंह, जयकुमार पोर्ते, राहुल सिंह, विरेन्द्र कुमार मरकाम के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया गया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए 20 बंडल सरिया कीमती 84435 रुपए तथा घटना में प्रयुक्त नीले रंग का स्वराज 735 ट्रैक्टर, क्रमांक सीजी 9 जेएस 4880 कीमती 2 लाख 60 हजार रुपए जब्त कर मामले में संलिप्त पाए जाने पर आरोपी रवि कुमार धुर्वे, उम्र 27 वर्ष, शुभम सिंह धुर्वे, उम्र 25 वर्ष, जय कुमार पोर्ते, उम्र 27 वर्ष, राहुल सिंह धुर्वे, उम्र 24 वर्ष सभी निवासी खैरडोंगरी, थाना पंडरिया एवं विरेन्द्र कुमार मरकाम, उम्र 22 वर्ष, निवासी मदनपुर, थाना पंडरिया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

जेएमपी कॉलेज में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु लगा विशेष शिविर



तखतपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किया गया। मतदाता साक्षरता क्लब के तत्वाधान में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन 13 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से किया गया। इस शिविर में तखतपुर तहसील के तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़ने से बच्चों को अपने मतदान संबंधी समस्त नागरिक अधिकार प्राप्त हो जाते हैं और सभी शिक्षित छात्र-छात्राएं अपने

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि साझेदारी विलेख दिनांक 01.04.2024 के अनुसार मेसर्स SANWARE BUILD CON फर्म में 6 साझेदारों के माध्यम से व्यापार एवं लेन देन किया जा रहा था।

संशोधित साझेदारी विलेख दिनांक 01.02.2026 के अनुसार इस फर्म से श्री कृष्णा नाथानी, श्री हर्ष अग्रवाल, श्री प्रदीप पुरी (H.U.F.), श्री राम कुमार मंसुखानी को उनकी इच्छा से अलग किया गया है एवं श्री सुरेश कुमार भोजवानी को सम्मिलित किया गया है।

वर्तमान में साझेदार इस प्रकार है:-
1. श्री अनिल कुमार भोजवानी
2. श्रीमति ज्योति भोजवानी
3. श्री सुरेश कुमार भोजवानी

सभी संबंधित लोगों के सूचनार्थ पेपर प्रकाशन किया गया है।

M/s SANWARE BUILDCON
साझेदार-
अनिल कुमार भोजवानी
बिलासपुर

न्यायालय तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)
// ईश्तहार//
रा.प्र.क्र. बी-121/202
ग्राम सेमरिया प.ह.नं. 36
तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

एतद द्वारा ग्राम सेमरिया के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अखिलेश सिंह पिता/पति गणेश सिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम सेमरिया तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र/ पुत्री/ पत्नी गीतांजली पिता/पति रामकुमार राठौर हेतु केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति हेतु / शैक्षणिक संस्थाओ में प्रवेश हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने का आवेदन के साथ आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं ऋण पुस्तिका की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध मे जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो, तो वह दिनाँक 19/10/26 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नही किया जावेगा।

आज दिनाँक 05/10/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार
लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री फातिमा निकहत पति श्री आसिफ अमान खान, पुत्री श्री अब्दुल शफिक निवासी अन्नपूर्णा कालोनी के पास गणेश नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की जमीन (पड़ती / कृषि भूमि) मौजा ग्राम महमंद प.ह.नं. 43, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. मे स्थित भूमि खसरा नंबर 338/13 रकबा 2200 वर्गफुट को क्रय करने का पक्का सौदा मेरे पक्षकार मनीषा दत्ता पति समर दत्ता पिता अपूर्वा राय निवासी बंगालीपारा सरकण्डा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा किया गया है एवं शीघ्र ही उक्त भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के पक्ष में होना है।

इस बाबत किसी बैंक, संस्था, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर समस्त दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दर्ज कर सकता है तथा इसके बाद की गई किसी प्रकार की कोई आपत्ति अमान्य होगी।

सो सूचना जानें
दिनांक- 13/10/2026
भवदीय
संजय गलपाण्डे
(अधिवक्ता)
पता-हेमुनगर, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.-9827157907

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजना सैदा (सकरी) बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी. 122, मूल आबंटी श्रीमती सरिता शिवनानी पति श्री ठाकुरदास शिवनानी, को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 31.10.2013 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्रीमती आशा पारोचे पति श्री हरेन्द्र पारोचे, को विक्रय करना चाहते हैं। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/ शासकीय / अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पेण्ड्रारोड, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)
रा.प्र.20250428010006/अ-19(3)/2024-25
ग्राम-सेमरा, प.ह.नं. 21
// उद्घोषणा//

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम सेमरा को सूचित किया जाता है कि माननीय मुख्यमंत्री छ.ग. रायपुर के द्वारा जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) में प्रवास के दौरान दिनांक 13.08.2024 की घोषणा के अनुसार नर्मदांचल राठौर क्षत्रीय समाज को ग्राम सेमरा में स्थित भूमि शासकीय आबादी भूमि खसरा नंबर 121/1 रकबा 15.210 हे. में से रकबा 0.60 एकड़ भूमि में से 0.60 एकड़ भूमि सबके सहयोग एवं ग्राम सभा अनुमोदन से विगत 35-36 वर्षों से पक्की दीवाल आहाता का निर्माण कर सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्य करते चले आ रहे हैं तथा समाज के साप्ताहिक वार्षिक बैठकें भी की जाती है। आवेदित भूमि पर नर्मदांचल राठौर क्षत्रिय समाज का 40-45 वर्षों से अधिक कब्जा होना बताया गया। उपरोक्त भूमि को नर्मदांचल राठौर कल्याण समिति के नाम पर दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। उक्त संबंध में कलेक्टर महोदया जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) से प्रकरण मूलतः जाँच प्रतिवेदन हेतु न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पेण्ड्रारोड के माध्यम से प्रकरण

खबर संक्षेप

आपरेशन बॉज : फरार 6 स्थाई वारंटी पकड़े गए

बिलासपुर। सकरी पुलिस ने आपरेशन बॉज के तहत फरार 6 स्थाई वारंटी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया है। छत्तीसगढ़ पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन बॉज के तहत सकरी पुलिस ने अभियान चलाकर लंबे से फरार चल रहे 6 स्थाई वारंटी प्रिंस उर्फ केवड़ा पिता सौखीलाल सूर्यवंशी 20 साल घुरू, रामाशंकर यादव पिता लल्लू यादव 20 साल गोकूलधाम घुरू, राजू यादव पिता मोती यादव 27 साल गोकूलधाम घुरू, शिव कुमार लहरे पिता अनुजराम 46 साल बाजार चौक अमेरी, पृथ्वी कुमार सूर्यवंशी पिता राम प्रसाद 21 साल सकर्रा हिर्री, सन्नी दास मानिकपुरी पिता कन्हैया दास मानिकपुरी 22 साल अटल आवास सकरी निवासी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया गया है।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

बिलासपुर। कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया और गाड़ी व मोबाइल क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने मामले में अपराध कायम कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, कुदूदण्ड शिव मंदिर गली नम्बर 5 निवासी रितेश कौशिक पिता कौशल प्रसाद कौशिक 10 अक्टूबर को रात 9.3 बजे कोनी से बाइक क्रमांक सीजी 10 बीए, 9778 से घर जा रहा था। राधा कृष्ण मंदिर के पास अज्ञात कार के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बिना इंडिकेटर जलाए घुसाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसके बांए कंधे, कमर व जांघ में चोट आई है। हादसे में बाइक व मोबाइल क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने रितेश की रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

खाते में ट्रांसफर कराया साइबर ठगी का पैसा

बिलासपुर। क्यूआर कोड से खाते में साइबर ठगी का पैसा ट्रांसफर कराने वाले एक्टिवा सवार युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। रेंज स्तरीय साइबर थाना से मिली जानकारी के अनुसार, हिर्री क्षेत्र के ग्राम खरकेना निवासी देवेन्द्र रजक बिल्हा मोड में च्वाइस सेंटर चलाते हैं। 5 अक्टूबर 2026 की दोपहर 12.38 बजे नीले रंग की एक्टिवा से एक व्यक्ति उनके सेंटर में आया। उसने क्यूआर कोड से खाते में रकम डलवाने और बदले में नकद देने की बात कही। संचालक की सहमति के बाद उसने क्यूआर कोड की फोटो अपने मोबाइल से लिया और किसी अन्य व्यक्ति को भेजा। इसके बाद खाते में 16 हजार रुपए जमा हुआ। देवनद्र ने एक्टिवा सवार को रकम नकद दे दिया और बदले में उसे 150 रुपए सर्विस चार्ज लिया। दूसरे दिन उनका बैंक खाता होल्ड हो गया। वे चकरभाठा स्थित एसबीआई शाखा में गए तो पता चला कि उनका खाता साइबर फ्राड से जुड़ी रकम के कारण होल्ड किया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात एक्टीवा सवार युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

दो माह से बिजली आपूर्ति की समस्या

बिलासपुर। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी। लोगों ने उनसे मिलकर निजी एवं सामुदायिक शिकायत संबंधी आवेदन दिया। उन्होंने अधिकांश मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे एवं अपर कलेक्टर वीरेंद्र बहादुर पंचभाई ने भी लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में आज बिलासपुर ननि क्षेत्र की दीनदयाल कॉलोनी के निवासियों ने बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्या को लेकर शिकायत की है। ट्रांसफार्मर पर अतिरिक्त भार पड़ने के कारण पिछले दो माह से कॉलोनी में बिजली संबंधी परेशानियां बनी हुई हैं। बार-बार बिजली आने-जाने से घरों में लगे टीवी, फ्रिज, एसी सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के खराब होने की आशंका बनी रहती है। इसकी शिकायत कलेक्टर से की गई है।

खनिज माफिया को कड़ा संदेश — विशेष न्यायाधीश खान और खनिज ने सुनाया फैसला

अरपा नदी से रेत की चोरी करने वाले दो लोगों को तीन साल कठोर कारावास

बिलासपुर। अरपा नदी के लारीपारा घाट से अवैध तरीके से रेत की चोरी करने वाले दो लोगों को विशेष न्यायाधीश खान और खनिज के द्वारा तीन साल कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। इतना ही नहीं, बल्कि दोनों अभियुक्तों पर 25-25 हजार रूपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।

अर्थदंड नहीं देने की स्थिति में दोनों को 15 दिनों की अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी होगी। यह पहला अवसर है जब किसी अवैध खनन व परिवहन के मामले में दोषियों को तीन साल जेल की सजा सुनाई गई है। खनिज चोरी के मामले में दोषी व्यक्तियों को तीन साल जेल की सजा के निर्णय से खनिज माफियाओं के बीच निश्चित रूप से कड़ा संदेश जाएगा। आरोपी सुरेन्द्र कुमार कुर्रे एवं विजय बघेल द्वारा दिनांक 16 जून 2025 को सुबह लगभग साढ़े आठ बजे के करीब अरपा नदी के प्रतिबंधित क्षेत्र लारीपारा घाट से बेईमानीपूर्वक आशय से अवैध रूप से न केवल रेत



का उत्खनन कर चोरी किया गया था, बल्कि बिना वैध अनुज्ञप्ति व खनन पट्टे के अवैध व अनाधिकृत रूप से महिन्द्रा ट्रेक्टर वाहन क्रमांक सी.जी. 10 ए.वी.-9417 से परिवहन भी किया जा रहा था। इस प्रकरण की सुनचाई करते हुए विशेष न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरैशी खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957, बिलासपुर द्वारा अभिलेख पर उपलब्ध समग्र तथ्यों एवं परिस्थितियों व कारित अपराध की प्रकृति व गंभीरता आदि पर समुच्चयी रूप से विचार करते हुए सिद्धदोषी अभियुक्त सुरेन्द्र कुमार कुर्रे एवं विजय बघेल को धारा 303 (2) सपठित 3 (5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत 03 वर्ष का कठोर कारावास और एक हजार रुपये अर्थदण्ड से एवं अर्थदण्ड राशि अदायगी नहीं करने की दशा में 15 दिवस का कठोर कारावास की सजा तथा छ.ग. गौण खनिज नियम, 2015 के नियम 71/ खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 धारा- 4 (1), 4 (1 क) का उल्लंघन होकर धारा-21 के अंतर्गत पच्चीस हजार रुपये अर्थदण्ड से एवं अर्थदण्ड राशि अदायगी के व्यतिक्रम की दशा में 15 दिवस का अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा से दंडित किया गया है।

दी गई है सजा

अभी कुछ दिनों पूर्व ही इसी तरह के अवैध खनन एवं परिवहन के एक प्रकरण में फैसला सुनाते हुए कोर्ट के द्वारा दो व्यक्तियों को एक-एक साल कठोर कारावास एवं 25-25 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया गया था। अब इसी तरह के मामले में तीन साल कठोर कारावास की सजा हुई है। खनिज के अवैध खनन व परिवहन जैसे प्रकरणों में लिप्त माफियाओं के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई से निश्चित रूप से उनकी कमर टूटेगी व उनके हौसले पस्त होंगे।

-किशोर कुमार गोलघाटे,
उपसंचालक खनिज विभाग

व्यापार विहार की सड़क चलने के लिए कम और आटोमोबाइल वालों की दुकानदारी के अधिक काम आ रहीं

32 करोड़ में बनीं दो सड़कें, यहां गाड़ियों की हो रही खरीदी-बिक्री, बना ली गई पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में 32 करोड़ में बनीं दो सडकें चलने के लिए कम और आटोमोबाइल वालों की दुकानदारी के अधिक काम आ रहीं है। साथ ही लोगों ने इन सड़कों को एक तरह से पार्किंग बना लिया है। बिना खौफ यहां गाड़ियां रखी जा रही है। 25 करोड़ में बनी व्यापार विहार की सड़क पर तो विभिन्न शोरूम और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर ग्राहक एवं व्यापारी अपनी गाड़ियां सीधे मुख्य सड़क और किनारे पर खड़ी कर देते हैं। साथ ही गाड़ियों के बेचने और खरीदने का धंधा दिन से लेकर रात तक चलता रहता है। सोमवार की शाम को भी करीब एक किलोमीटर तो दो घंटे जाम लगा रहा। यही हाल 7 करोड़ में बनी मिट्टी तेल लाइन वाली शहर की पहली स्मार्ट सड़क का है। इसकी लंबाई 800 मीटर है लेकिन, अब इस सड़क पर भी अन्य सड़कों की तरह बेतरतीब पार्किंग की समस्या उठ खड़ी हुई है। सड़क किनारे रहने वाले लोग भी अपनी कार को सड़क पर खड़ी कर रहे हैं।

■ मिट्टी तेल लाइन में बनी शहर की पहली स्मार्ट रोड अब बेतरतीब पार्किंग की भेंट चढ़ती जा रही

व्यापार विहार में विभिन्न शोरूम और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर ग्राहक एवं व्यापारी अपनी गाड़ियां सीधे मुख्य सड़क और किनारे पर खड़ी कर देते हैं। इसके साथ ही तालापारा, भारतीय नगर, व्यापार विहार और महाराणा प्रताप चौक की तरफ से आने-जाने वाले रास्तों पर कम क्लीयरेंस समय के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं।

सड़क पर जाम लगने के कारण एम्बुलेंस और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हालांकि प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस समय-समय पर अवैध पार्किंग और सड़क पर कब्जा करने वालों के खिलाफ जब्ती और जुर्माने की कार्रवाई करती है।





पुरानी गाड़ियों की खरीदी-बिक्री का बाजार

गौरतलब है कि महाराणा प्रताप चौक से आनंदा इंपीरियल होटल तक की व्यापार विहार वाली सड़क को 25 करोड़ में बनाया गया है। इसी सड़क पर पुरानी गाड़ियों (सेकेंड हैंड वाहनों) की खरीदी-बिक्री का एक बड़ा बाजार संचालित होता है। इसमें अनधिकृत रूप से सड़कों और फुटपाथों पर गाड़ियां खड़ी कर व्यापार करने, यातायात बाधित करने, और बिना वैध आरटीओ दस्तावेजों के संदिग्ध सौदे करने जैसी अवैध गतिविधियों की शिकायतें अक्सर सामने आती रहती हैं। अपने कारोबार के लिए डीलर्स बीच सड़कों पर ही गाड़ी खड़ी कर देते है। इससे आम वाहन चालकों और पैदल यात्रियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। खास तौर पर भारतीय नगर चौक से व्यापार विहार चौक सबसे ज्यादा समस्या देखी जा रही है।

हर चौक में फंस रही हैं गाड़ियां

इस सड़क पर खास तौर पर चार चौक पड़ते हैं। लगातार कोशिशों के बाद भी सड़क से भीड़ और ट्रैफिक समस्या को दूर नहीं किया जा सका है। यहां पहले महाराणा प्रताप चौक, भारतीय नगर चौक, व्यापार विहार चौक बड़े चौराहे हैं। इन सभी चौकों में व्यापार विहार की ओर से बड़ी संख्या में वाहन आते हैं तो दूसरी ओर महाराणा प्रताप चौक से व्यापार विहार आने वाले वाहनों की भी संख्या बहुत अधिक होती है। सभी चौक में सिग्नल लगे हैं लेकिन क्लीयरेंस टाइम कम होने के कारण अक्सर जाम लगता है। सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लगने से बेवजह ट्रैफिक सिग्नल में फंसना पड़ रहा है तो वहीं से यहां का कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

80 फिट चौड़ी सड़क सिमटीं

इसी तरह मिट्टी तेल लाइन में बनी शहर की पहली स्मार्ट रोड अब बेतरतीब पार्किंग की भेंट चढ़ती जा रही है। यह सड़क 80 फीट चौड़ी है। गलत पार्किंग की वजह से वाक के लिए बनाए गए पाथ वे का भी लोग उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। इस सड़क पर कई दुकानें भी खुल गई हैं जहां आने वाले ग्राहक अपनी गाड़ियों को सड़क पर खड़ा करते हैं। इस स्मार्ट सड़क में सड़क पर लोगों के बैठने के लिए दोनों ओर कुर्सियां लगाई गई हैं। वाक करने के लिए वाकिंग जोन बनाया गया है। इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए चार्जिंग जोन की भी सुविधा है लेकिन, पूरी सड़क पर बेतरतीब ढंग से चारपहिया वाहनों को खड़ा कर देने से इनका उपयोग लोग नहीं कर पा रहे हैं।

लगातार हो रही कार्रवाई

शहर की सड़कों को बाधित करने वाले सभी अतिक्रमणकारियों को हटाया जा रहा है। लगातार कार्रवाई हो रही है। व्यापार विहार में गाड़ियों को हटाया जाएगा।

- प्रकाश कुमार सर्वे, निगम आयुक्त

महामाया मंदिर परिसर में खाद्य सामग्री की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि में आम लोगों को सुरक्षित खाद्य सामाग्री मिल सके इसके लिए खाद्य एवं औषिधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने रतनपुर स्थित महामाया मंदिर परिसर सहित कई प्रतिष्ठिनों में खाद्य सामाग्री की जांच की और खराब मिले समानों को नष्ट कराया है।

अभिहित अधिकारी आर. आर. देवांगन ने बताया कि रतनपुर परिसर महामाया मंदिर परिसर एवं मेला क्षेत्र में स्थित विभिन्न प्रसाद की दुकानों, होटलों तथा चाट-ठेलों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रसादी निर्माण व विक्रय स्थलों से नारियल लड्डू, उखरा एवं समोसा के नमूने लिए गए। इसके साथ ही रतनपुर स्थित श्री राम किराना दुकान से सूजी, सेंधा नमक, पोहा और टोमेटो सॉस का सर्विलांस (निगरानी) नमूना संकलित किया गया। कार्रवाई के दौरान टीम ने फल दुकानों की जांच की और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सड़े-गले फलों को मौके पर ही नष्ट कराया गया। वैध फूड लाइसेंस या पंजीयन नहीं मिलने पर दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया गया है।

इसी तरह शहर के अशोक नगर स्थित नटराज स्वीट्स से चमचम मिठाई तथा विनोबा नगर स्थित अन्नपूर्णा ट्रेडर्स से सनलिट ब्रांड सूजी का विधिक नमूना जब्त कर जांच कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। अधिकारियों ने कहा कि त्योहार के दौरान मिलावटखोरी रोकने एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने अभियान चलाया जा रहा है, इस दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। टीम में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी खीरसागर पटेल तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी अविषा मरावी एवं प्रतीक तिवारी मौजूद रहे।

घर से लाखों की लकड़ी जब्त आरोपी की हो रही खोजबीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जंगल में सागौन की अवैध कटाई करने के बाद घर में फर्नीचर और अन्य सामान बनाने का काम करने वाले आरोपी के खिलाफ वन विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। टीम ने आरोपी के घर से लाखों की लकड़ी सहित अन्य सामानों को जब्त कर लिया है, लेकिन आरोपी वहां से फरार हो गया है। विभाग की ओर से आरोपी की खोजबीन शुरु कर दी गई है।

■ वन विभाग की टीम ने की कार्रवाई

बिलासपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक मनोज पाण्डेय और बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ नीरज कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि कोटा वन परिक्षेत्र के लमकेना के एक घर में बड़ी मात्रा में अवैध सागौन और अन्य प्रजातियों की लकड़ी रखी हुई है, जिसका उपयोग फर्नीचर और अन्य सामानों को बनाने के लिए किया जा रहा है। सूचना मिलने पर कोटा वन परिक्षेत्र के उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन के मार्गदर्शन में छापामार कार्रवाई की गई। आरोपी लमकेना निवासी सुरेश खांडे पिता रेशम खांडे के घर में दबिश देने पर लकड़ी बाड़ी में छिपी मिली। टीम ने आरोपी के घर और बाड़ी से आरा मशीन, इलेक्ट्रिक चैन सॉ मशीन, रमदा मशीन, बढ़ईगिरी की सामग्री, सागौन, साल, मिश्रित चिरान सहित अन्य सामानों को जब्त किया, जिसकी कीमत लाखों में थी।

अवैध सागौन और अन्य प्रजातियों की लकड़ी से आरोपी फर्नीचर बनाने का काम करता था। वन विभाग की टीम ने लकड़ी और सामानों को कोटा सेल डिपो भेजने के बाद आरोपी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा के तहत मामला कायम करने के बाद आरोपी की खोजबीन शुरु कर दी है।

कलेक्टर को ज्ञापन देने की जिद पर सड़क पर बैठीं मल्हार स्कूल की छात्राएं

दोषियों के निलंबन व एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय स्कूल मल्हार में छात्राओं को कालातीत पैड देने एवं मुफ्त के पैड को बेचने से नाराज स्कूल की नाबालिग छात्राओं ने मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर एक बार फिर जमकर प्रदर्शन किया। छात्राएं कलेक्टर को ही ज्ञापन सौंपने की जिद पर सड़क पर बैठ गईं व जमकर नारेबाजी करती रहीं। उन्होंने प्रकरण में दोषी शिक्षकों के खिलाफ निलंबन एवं एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

शासकीय हाईस्कूल मल्हार की छात्राओं ने मंगलवार को बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचकर दोषी शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को लेकर जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि स्कूल में छात्राओं



को कालातीत पेड देकर उनके स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ किया गया है। इतना ही नहीं, बल्कि मुफ्त में मिलने वाले पैड के पैसे लिए गए हैं।

उन्होंने इस पूरे मामले में दोषी समस्त शिक्षकों के खिलाफ न केवल निलंबन, बल्कि उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। कलेक्टोरेट के सामने मुख्य सड़क पर छात्राओं के प्रदर्शन की जानकारी होने पर डिप्टी कलेक्टर रजनी भगत उनसे बात कर ज्ञापन लेने पहुंचीं लेकिन छात्राओं ने उनकी कोई भी बात सुनने से इंकार कर दिया। छात्राओं ने केवल कलेक्टर के सामने ही अपनी बात रखने की बात कही व डिप्टी कलेक्टर रजनी भगत को वापस लौटा दिया।

ग्रामीण भी नहीं चाहते तालाब से निकले मगरमच्छ

बिलासपुर। खोंगसरा के जोगी तालाब में एक बड़े मगरमच्छ ने पूरे गांव में दहशत मचाकर रखा है, लेकिन ग्रामीण भी मगरमच्छ को रेस्क्यू कर तालाब से बाहर नहीं निकालना चाहते हैं। इसके कारण अब विभागीय अधिकारी भी राहत महसूस कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर वन मंडल अंतर्गत कोटा वन परिक्षेत्र के खोंगसरा में बने जोगी तालाब में एक बड़ा मगरमच्छ के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सूचना मिलते ही कोटा वन परिक्षेत्र के उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन, बेलगहना वन परिक्षेत्र की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को अलर्ट करने के साथ चारों ओर सुरक्षा घेरा लगा दिया है। वहीं मगरमच्छ को रेस्क्यू कर दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने के लिए बाहर निकलने का इंतजार किया जा रहा है।

इस संबंध में एसडीओ श्री भास्करन ने बताया कि मगरमच्छ के कारण ग्रामीण पहले दहशत में थे, जिसके कारण विभाग की ओर से वहां एक सूचना बोर्ड भी लगा दिया गया है, ताकि ग्रामीण तालाब के पास न स्वयं जाएं और न ही किसी मवेशियों को उस ओर ले जाएं। एक टीम तालाब के पास लगातार मगरमच्छ की निगरानी के लिए भी लगा दी गई है। इसके अलावा कानन पेण्डारी जू के पशु चिकित्सा अधिकारी पीके चंदन को पत्र लिखकर मगरमच्छ का रेस्क्यू करने कहा गया है। डॉक्टर ने मगरमच्छ के तालाब से बाहर आने के बाद रेस्क्यू करने की बात कही है, इसलिए तालाब से मगरमच्छ के बाहर आने का इंतजार किया जा रहा है। वहीं ग्रामीण अब मगरमच्छ को तालाब से दूसरे स्थान पर शिफ्ट नहीं करने की बात कहने के साथ अपने दिनचर्या के लिए दूसरी व्यवस्था किए जाने की बात कह रहे हैं।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

बीएलओ बनेंगे सैकड़ों शिक्षक, लगेगी एसआईआर में ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फरवरी से जिले के स्कूलों में परीक्षा शुरू होगी। शुरुआत में कक्षा 10व 12 वीं बोर्ड परीक्षा होगी। इसके बाद मार्च व अप्रैल में स्थानीय कक्षाओं की परीक्षा होंगी।

■ फिर से स्कूलों में पढ़ाई होगी प्रभावित

इस बीच जिले के अधिकांश स्कूल के शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर में फिर से लगाने की तैयारी की जा रही है। स्कूलों में पढ़ाई और रिवीजन प्रभावित होगी। इससे पालक व बच्चे परेशान हैं। दरअसल छत्तीसगढ़ में छूटे मतदाताओं के नाम जोड़ने विशेष अभियान फिर से शुरू किया जा रहा है। बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे सर्वे करेंगे। यही बीएलओ की ड्यूटी में शिक्षकों को लगाया जाएगा। इसके साथ ही 9 वीं से 12वीं तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए स्कूलों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम जुड़ने से छूट गए पात्र लोगों की पहचान कर उन्हें भी सूची में शामिल किया जाएगा। इसके लिए निर्वाचन विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया है। ध्यान रहे कि अभियान के तहत बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। वे मौजूदा मतदाता सूची की पहले की सूची से तुलना कर ऐसे लोगों की पहचान करेंगे, जिनका नाम पहले दर्ज था, लेकिन अब सूची में नहीं है। पात्र पाए जाने पर उनका नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भरवाया जाएगा। बीएलओ को हर सप्ताह 20 से 25 मतदाताओं को जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। इस प्रक्रिया को करीब एक महीने में पूरा करने की योजना है। बूथों के अलावा रैन बसेरों, श्रमिक बस्तियों और बेघर व वंचित लोगों के बीच भी विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

गाइड लाइन के अनुसार होगा काम

शासन से जिला शिक्षा अधिकारियों को जिस प्रकार से निर्देश जारी होंगे, उस हिसाब से काम होगा। अभी तक कोई गाइडलाइन तो नहीं आई है। कोशिश रहेगी कि स्कूलों में पढ़ाई के साथ ही दूसरे काम प्रभावित नहीं हो।

- अश्वनी भारद्वाज,
ज्वाइंट डायरेक्टर,
शिक्षा विभाग



RAAS DANDIYA

BHATIA BUILDCON

PRESENTS

RAAS DANDIYA

GARBA - FOOD - ENTERTAINMENT

ORGANISED BY : WINGS OF PB GROUP

TINAA DATTAA

FAME OF BIGG BOSS

14 OCTOBER

15 OCTOBER

16 OCTOBER

URMILA MATONDKAR

Bollywood Actress

GLIMPSES OF RAAS DANDIYA

2018 MUNMUN DATTA
2019 SHILPA SHINDE
2019 CLOUDIA CIESLA
2022 SHEFALI JARIWALA
2022 SAPNA CHOUDHARY
2022 SHWETA TIWARI
2023 KAINAT ARORA
2023 SHUBHANGI ATRE
2023 CHITRANGADA SINGH
2024 MANNARA CHOPRA
2024 BHAGYASHREE
2025 NEHA DHUPIA

A FAMILY EVENT

POWERED BY
श्री Ram JEWELLERS

MEDICO SURGICALS
PROUDLY SERVING YOU SINCE 1988

YASH CONSTRUCTION
We Construct Your Dream Home

ARCHIPEDIA
THE DESIGN STUDIO

SPONSORED BY
UNITY HOSPITAL

FITNESS PARTNER
BEING STRONG FITNESS & CLUB

CO-SPONSORED BY
KMS
COMIX
SHRINESH S
| BESPOKE MEN'S WEAR |
VAIBHAV GREENS
RESIDENTIAL PLOTS AVAILABLE IN LAGRA

CO-POWERED BY
ACE BUILDERS & DEVELOPERS
Find Your Happy Place
ACE BUILDERS & DEVELOPERS
Jaiswal Complex, Ashok Nagar Chowk, Bilaspur (C.G.)

The Foundation
Bilaspur (C.G.)
Where Cricket is Worshiped
Foundation Cricket Academy

FOOD PARTNER
Saraiya
ACHANAKMAAR FOREST RESORT

SUPPORTED BY
CASA BLANC
SPICE ROOM & SPIRIT HOUSE
amigos
EATOPIA

HOSPITALITY PARTNER
HOTEL SHYAMA

BEVERAGE PARTNER
O2 DROPS

EST. 1895
C BHAGAT TARACHAND

PHOTOGRAPHY BY
THE BLOOMING LENS PHOTOGRAPHY

MEDIA PARTNER
YDM
YOUNG DIGITAL MEDIA

TICKETING PARTNER
eventloops.in

VENUE : FOUNDATION CRICKET ACADEMY, RING ROAD NO-2, GAURAV PATH, MAHARANA PRATAP CHOWK, BILASPUR (C.G)
CALL FOR QUERIES : +91 9893165000, +91 9638765000

खबर संक्षेप

लटकते 11 केवी हाईटेंशन तार से हादसे का अंदेशा



लोरमी। ग्राम लगरा सब-स्टेशन से ग्राम खपरीकला तक आने वाली 11 हजार (11 केवी) हाईटेंशन बिजली का तार और उससे जुड़े पोल के बुरी तरह से झुकने का से हादसे का अंदेशा बना हुआ है। यह पोल तालाब पार के पास खेत-खार जाने वाले मुख्य रास्ते को क्रॉस करता है, जहां तार नीचे की ओर काफी अधिक लटक रहे हैं , जिससे किसानों और राहगीरों की समस्या बढ़ गई है। रास्ते के ठीक ऊपर अत्यधिक झुके इन तारों के कारण किसानों और ग्रामीणों का आवागमन के बीच बड़ी दुर्घटना होने की आशंका है। चिंतित ग्रामीणों ने बताया कि धान परिवहन किसानी का मुख्य सीजन अब बेहद नजदीक आ गया है। ऐसे में किसानों को अपने मवेशियों, कृषि उपकरणों और खाद-बीजों के साथ इसी रास्ते से खेतों की तरफ आना-जाना पड़ता है। स्थानीय निवासियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करते हुए जल्द से जल्द झुके हुए पोल को सीधा करने और लटकते तारों ठीक करने की मांग की है। विद्युत विभाग के एई मनीष श्रीवास ने कहा कि स्थल निरीक्षण कर तार एवं पोल को दुरुस्त कराया जायेगा।

नगर पंचायत सभापति ने दुर्गोत्सव समिति को भेंट किया वाद्ययंत्र



पथरिया। नवरात्र पर्व के पावन पर्व पर द रिबेल ब्रदर्स दुर्गोतसव समिति बाजार पारा वार्ड नंबर 06 समिति को नगर पंचायत सभापति इन्द्रजीत यादव ने सेवा गीत (जसगीत) गायन वादन हेतु मादर, झांझ, मजीरा, झुमका आदि सामाग्री प्रदान किया। उन्होंने समिति के सदस्यों को वाद्य यंत्र प्रदान कर कहा कि माता सेवा में मेरी सहभागिता के रूप में यह भेंट है। इस अवसर इन्द्रजीत यादव सभापति, बलराम जायसवाल मंडल महामंत्री, युवा नेता शत्रुघ्न छोटू पाली, प्रीतम मानिकपुरी, राजकपूर जायसवाल, समीर यादव,समिति सदस्य मिलाप जायसवाल, सोनू जायसवाल, विजय जायसवाल, अर्जुन निर्मलकर, रवि साहू सपत्नीक कार्तिक निर्मलकर आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

डड़सेना कलार समाज ग्राम इकाई की नई कार्यकारिणी गठित



जरहागांव। ग्राम ठकुरीकापा में परिक्षेत्रीय युवा अध्यक्ष इंकु जायसवाल के नेतृत्व में डड़सेना कलार समाज की ग्राम इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में सामाजिक उत्थान, संगठन को सशक्त बनाने तथा समाज के विभिन्न कार्यों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।सामाजिक बंधुओं ने समाज के विकास और संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पदाधिकारियों के मनोनयन पर सहमति व्यक्त की। इसके पश्चात सर्वसम्मति से डड़सेना कलार समाज ग्राम इकाई के विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। समाज की नई कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में रामकिशुन जायसवाल, जगदीश जायसवाल एवं लखन लाल जायसवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं न्याय प्रकोष्ठ में माखनलाल जायसवाल, तिलक राम जायसवाल एवं समफूल जायसवाल को मनोनीत किया गया। इसी क्रम में अध्यक्ष पद पर भागबली जायसवाल, उपाध्यक्ष पद पर अशोक जायसवाल एवं नकछेद जायसवाल, सचिव पद पर खुमेश जायसवाल, सहसचिव पद पर लव कुमार जायसवाल तथा कोषाध्यक्ष पद पर सहदेव जायसवाल को मनोनीत किया गया।

भाजपा महिला मोर्चा का विरोध प्रदर्शन, कांग्रेस को घेरा



गौरेला। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा सेमरा तिराहा, जीपीएम में कांग्रेस के कथित दोहरे चरित्र के विरोध में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन में जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री राजेश नंदनी आर्मो शामिल हुईं। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव, मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची सहित जिले के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की 11 छात्राओं द्वारा मणिपुर के कांग्रेस सांसद पर लगाए गए कथित यौन दुर्व्यवहार के गंभीर आरोपों और इस मामले में कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी को लेकर विरोध दर्ज कराया गया। प्रदर्शनकारियों ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर कांग्रेस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए जवाबदेही की मांग की। पार्टी के सांसद पर गंभीर आरोप लगने के मामले में कांग्रेस नेतृत्व की प्रतिक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए गए। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री गंगोत्री राठौर, सरिता राठौर सहित महिला मोर्चा की अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहीं। प्रदर्शन के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा और ऐसे मामलों में राजनीतिक नेतृत्व की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई।



सुभाष नगर दुर्गा उत्सव समिति, तखतपुर।



महामाया चौक दुर्गा उत्सव समिति, तखतपुर।



बोलबम दुर्गा उत्सव समिति, तखतपुर।

कुम्हारी गुफा वाली नटेश्वरी में 363 ज्योति कलश प्रज्जवलित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भर्रीडांड

भर्रीडांड पंचायत में इस नवरात्रि भक्ति की अलग ही छटा है। छोटे से पंचायत में 7 जगह देवी प्रतिमा के पंडाल सजे हैं, हर मोहल्ले में मां दुर्गा विराजी हैं। सुबह-शाम आरती, नगाड़े और जस गीतों से पूरा गांव गूंज रहा है।

ग्रमीणों के अनुसार पेंड्रा से मनेन्द्रगढ़ मुख्य मार्ग पर कुम्हारी बस स्टैंड के पास विशालकाय पत्थर के नीचे प्राकृतिक गुफा में विराजी मां नटेश्वरी के दरबार में 363 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं और 4 भक्तों द्वारा जवारा बोया गया है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगने पर मनोकामना जरूर पूरी होती है। यहां इस वर्ष लकी ड्रा का आयोजन भी किया गया है। बरहो चौरा में 105 ज्योति कलश प्रज्वलित हुए। दुर्गा पंडाल मोहल्ला समिति के सेवादार राजकुमार ओट्टी ने बताया कि जिन भक्तों की मन्नत पूरी हुई है। उन्होंने 11 ज्योति कलश प्रज्वलित करवाए हैं। पंडालों में आकर्षक झांकियां बनाई गई हैं, जहां महिषासुर वध की जीवंत झलक देखने को मिल रही है। दुर्गा पंडाल मोहल्ला के संयोजक उपसांत पुरी, राकेश कुमार लकड़ा, शिवसहाय पुरी लालचंद सूटी ने बताया कि इस मोहल्ले में विगत कई वर्षों से मूर्ति की स्थापना की जाती रही है लेकिन इस बार सजावट आकर्षक है। दुर्गा पंडाल - महिषासुर वध की जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र बनी है।

दुर्गा मंदिर में 29 एवं महामाया मंदिर में 48 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित



तखतपुर। ग्राम मौहाभाठा में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई, जिसमें दुर्गा मंदिर में 29 एवं महामाया मंदिर में 48 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया है। जिसमें आचार्य नीरज पाण्डेय, मुख्य यजमान श्याम दूज बाई साहू, राजा राम पटेल, सुरेश साहू, ढेलऊ, सुनील पटेल, संतोष साहू, राम खेलावन साहू, बिहारी पटेल, सुखीराम साहू, वासुदेव, तुलसी, माखन, पिल्लूराम साहू का सहयोग रहा।

नवरात्र पर जसगीत से की जा रही माता की सेवा



लोरमी। नगर के विभिन्न पंडालों में विराजी दुर्गा प्रतिमा की विशेष पूजा अनुष्ठान के साथ छत्तीसगढ़ के लोक पारम्परिक जसगीत गायन प्रचलित है। इस दौरान जसगीत सेवा के माध्यम से भक्त गाते झुमते नजर आए। जसगीत टोलियों के मधुर आवाज एवं विशेष वाद्य यंत्रों से निकले धुन से भक्तगण घण्टो मंत्रमुग्ध होकर भक्ति में लीन रहे।

महामाया मंदिर प्रांगण में नौ दिवसीय स्वास्थ्य शिविर शुरू



धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के केंद्र महामाया मंदिर प्रांगण में नौ दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ हुआ। आगामी 19 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले इस जनहितकारी शिविर के दूसरे दिन ही श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। शिविर का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को गैर संचारी रोगों के प्रति जागरूक करना और उन्हें समय पर उचित परामर्श एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

आयोजन के पहले दिन एनसीडी विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ अमित मिरि, सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ गायत्री ध्रुव तथा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता रेवती साहू ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। सोमवार 12 अक्टूबर तक शिविर के दौरान कुल 43 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा टीम ने उपस्थित लोगों को बदलती जीवन शैली से उत्पन्न होने वाले विभिन्न रोगों, जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय संबंधी समस्याओं से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताए। इसके साथ ही जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क औषधियों का वितरण भी किया गया। मंदिर परिसर में स्थापित इस स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से आने वाले दिनों में भी अधिक से अधिक लोगों को परामर्श एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। विशेषज्ञों की यह समर्पित टीम 19 अक्टूबर तक निरंतर उपस्थित रहकर आमजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और निःशुल्क दवाएं वितरित करने का कार्य करेगी। स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य विभाग के इस पहल की सराहना करते हुए इसे जन–स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अत्यंत लाभकारी कदम बताया है।

अवैध प्लाटिंग की शिकायत पर प्रशासन की टीम ने स्वर्ण वाटिका का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगर में हो रहे अवैध प्लाटिंग की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में दर्ज होने के बाद एसडीएम एवं नगर पालिका की टीम ने अंबेडकर वार्ड क्रमांक 13 स्थित स्वर्ण वाटिका का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही।

क्षेत्र में लम्बे समय से चल रहे अवैध प्लाटिंग पर का मामला सामने आया है। इस संबंध में पूर्व में अधिकारियों से शिकायत किए जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए शिकायतकर्ता सत्येंद्र सिंह परिहार ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने संबंधित विभाग से मामले की जांच कराने, भूमि संबंधी नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने और कथित अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने की मांग की है। शिकायतकर्ता सत्येंद्र सिंह परिहार ने 3 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत का टोकन नंबर डब्लूपी 261000218148 है। यह शिकायत नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से संबंधित दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता ने स्वर्ण वाटिका क्षेत्र में प्लाटिंग के मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने अपनी शिकायत के समर्थन में कुछ दस्तावेज और तस्वीरें भी संलग्न किए हैं। उनका कहना है संबंधित अधिकारियों को दस्तावेजों के आधार पर मामले की वास्तविक स्थिति की जांच करनी चाहिए, ताकि भूमि संबंधी नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के उपलब्ध रिकार्ड के मुताबिक, शिकायत को शिकायत निराकरण अधिकारी एल–1, संयुक्त संचालक (यूडीडी) के स्तर पर भेजा गया है। रिकार्ड में शिकायत की स्थिति प्रक्रियाधीन बताई गई है। हालांकि, उपलब्ध जानकारी में जांच पूरी होने, शिकायत का निराकरण होने अथवा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की पुष्टि नहीं हुई है।

अवैध प्लाटिंग की शिकायत

अवैध प्लाटिंग की शिकायत के मामले को लेकर पण्डरिया रोड स्थित स्वर्ण वाटिका में निरीक्षण के लिए गए थे। निरीक्षण के दौरान शिकायतकर्ता एवं संबंधित लोगों से जानकारी ली गई है। जल्द ही आगे कार्रवाई की जाएगी।

–मायानंद चंद्रा, एसडीएम मुंगेली

धनपुर में मिले नौवीं से बारहवीं शताब्दी के पुरातात्विक अवशेष



पेंड्रा। कलेक्टर विजय दयाराम के की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के अरपा सभाकक्ष में जिला स्तरीय पर्यटन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के पर्यटन स्थलों के विकास, उपलब्ध सुविधाओं, पर्यटन गतिविधियों के विस्तार तथा स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

■ पर्यटन विकास की संभावनाओं को मिलेगा नया आयाम

विधायक प्रणव कुमार मरपची ने जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जीपीएम जिला प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों से परिपूर्ण है। कलेक्टर विजय दयाराम के ने कहा कि जिले के प्रभारी मंत्री एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल की विशेष पहल पर लगभग दो माह पूर्व धार्मिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थल धनपुर क्षेत्र का पुरातात्विक सर्वेक्षण कराया गया था। सर्वेक्षण के दौरान नौवीं से बारहवीं शताब्दी के पुरातात्विक अवशेष प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि विगत 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस पर जीपीएम जिले को सर्व श्रेष्ठ टुरिज्म अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ टुरिज्म बोर्ड और छत्तीसगढ़ ट्रैवल ट्रेड ऐसोशियेसन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सेंट्रल इंडिया कनेक्ट मार्केट प्लेस में जीपीएम जिले के पर्यटन स्थलों का विशेष स्टॉल लगाने का अवसर भी मिला। बैठक में जिला पर्यटन नोडल डॉ राहुल गौतम ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों में संचालित गतिविधियों, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मलेनिया जलाशय में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट एवं बोटिंग की सुविधा, ठाढ़पथरा पर्यटन स्थल में मड हाउस तथा लमना पर्यटन क्षेत्र में होम स्टे एवं कम्युनिटी स्टे की सुविधाएं विकसित की गई हैं। पर्यटन स्थलों पर कैंटीन का भी संचालन किया जा रहा है। पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्यटन वेबसाइट तैयार की गई है, जिसके माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि पर्यटन स्थलों पर सीढ़ियों, सुरक्षा रेलिंग, हाईमास्ट लाइट सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं का विकास किया गया है।

रील मेकिंग एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान

इस अवसर पर जिले के पर्यटन स्थलों एवं प्राकृतिक सौंदर्य को व्यापक पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित जीपीएम के रंग कैमरे के संग रील मेकिंग एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। रील मेकिंग प्रतियोगिता में अपूर्व मित्रा ने प्रथम, विलास देशमुख ने द्वितीय एवं ओमप्रकाश मार्को ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह फोटोग्राफी प्रतियोगिता में शारदा कंवर, निलेश साहू, ओमप्रकाश मार्को एवं मोहम्मद फैजल फारूकी को प्रशस्ति पत्र एवं नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, कोटा विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार खिलारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकेश रावटे, पर्यटन प्रभारी डिप्टी कलेक्टर देवेन्द्र सिरमोर सहित रिसॉर्ट प्रबंधक, होटल संचालक, टैक्सी यूनियन संघ के अध्यक्ष तथा जिला स्तरीय पर्यटन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

युवा उड़ान कार्यक्रम कल, शामिल होंगे मेधावी विद्यार्थी

मुंगेली। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत विजन 2047' से जोड़ने तथा विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने में युवाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'युवा उड़ान 2026' कार्यक्रम का आयोजन बुधवार 14 अक्टूबर सुबह 11.45 बजे से जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन सभाकक्ष में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर होंगे। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रें से जुड़े प्रतिभाशाली एवं ऊर्जावान युवा शामिल होकर राष्ट्र निर्माण, विकास और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम में 16 से 24 वर्ष आयु वर्ग के कक्षा 9वीं से 11वीं तक के मेधावी विद्यार्थी, महाविद्यालयीन प्रावीण्य छात्र, कला, साहित्य, संस्कृति एवं खेल के क्षेत्र में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले युवा शामिल होंगे। इसके साथ ही खेल अकादमियों के प्रशिक्षणार्थी, यूपीएससी एवं सीजीपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी, इंजीनियरिंग, मेडिकल, कृषि, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई के विद्यार्थी भी कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। इसके अलावा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, सामाजिक कार्यकर्ता, कौशल विकास प्रशिक्षणार्थी, छात्रवासों में निवासरत विद्यार्थी, दिव्यांगजनों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। वरिष्ठ खेल अधिकारी ने बताया कि लगभग 2 घंटे 10 मिनट की अवधि वाले इस कार्यक्रम में आमंत्रित तीन विषय विशेषज्ञों के लिए 01 घंटा 30 मिनट निर्धारित किया गया है, जबकि युवाओं के साथ संवाद, प्रश्नोत्तर एवं सुझाव के लिए 40 मिनट का समय रखा गया है।

सेवा समिति ने धरमलाल कौशिक का जताया आभार

सीएम ने की मदकू महोत्सव के लिए 15 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव



हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू में आयोजित आंगन मिलन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा मदकू महोत्सव के आयोजन हेतु 15 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा किए जाने पर हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप सेवा समिति के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। इस संबंध में समिति के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के परसदा स्थित निवास पहुंचकर उनके प्रति आभार जताया।

उल्लेखनीय है कि श्री हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप सेवा समिति मदकू द्वारा विगत तीन दशकों से मदकू महोत्सव सहित विभिन्न सामाजिक सरोकारों के आयोजन किए जा रहे है। इस सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन को निरंतरता प्रदान करने और सुव्यवस्थित संचालन के उद्देश्य से समिति ने विधायक धरमलाल कौशिक के माध्यम से मुख्यमंत्री से प्रतिवर्ष 15 लाख रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया था। समिति की मांग के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री द्वारा अनुदान राशि स्वीकृत करने की घोषणा की गई। समिति के पदाधिकारियों ने इस सहयोग के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा मांग को शासन तक पहुंचाने हेतु धरमलाल कौशिक के प्रति आभार व्यक्त किया। शासन द्वारा अनुदान राशि स्वीकृत करने से मदकू महोत्सव एवं अन्य विभिन्न आयोजन को मजबूती मिलेगी और क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं लोककला परंपराओं को प्रोत्साहन मिलेगा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष जीवन लाल कौशिक, उपाध्यक्ष राममनोहर दुबे, सचिव भगवती प्रसाद मिश्र, कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अनिल वर्मा, मनीष साहू, प्रमोद दुबे, कमलेश अग्रवाल एवं नेतराम सोनवानी, दयाराम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

श्रीराम दशहरा समिति की बैठक में पर्व की तैयारियों पर चर्चा

मुंगेली। शहर के दाऊपारा में विजयादशमी पर्व पर आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्रीराम दशहरा समिति द्वारा इस वर्ष भी रेस्ट हाउस ग्राउंड में विशाल रावण दहन एवं विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन में शामिल होते हैं। विशाल रावण, आकर्षक सजावट और भव्य आतिशबाजी इस कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहते हैं।

आगामी दशहरा उत्सव को भव्य रूप देने के उद्देश्य से वरुण सुजुकी शोरूम में श्रीराम दशहरा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, तैयारियों और आयोजन को पिछले वर्ष की तुलना में अधिक आकर्षक बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विशाल रावण के निर्माण, भव्य आतिशबाजी, आकर्षक सजावट और बड़े मंच की व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श किया गया। इसके साथ ही आयोजन स्थल पर भीड़ को व्यवस्थित रखने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बैरिकेडिंग की व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। समिति की बैठक में इस वर्ष आतिशबाजी को और अधिक आकर्षक, भव्य और नए अंदाज में प्रस्तुत करने पर विशेष जोर दिया गया। आयोजन को यादगार बनाने के लिए पिछले वर्ष से भी बेहतर व्यवस्था करने और दर्शकों को आकर्षित करने वाले कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा की गई।